रोहतक

शनिवार, 13 जनवरी 2024

पौष मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया वर्ष : 27, अंक : 352

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 14.2
न्यून. 0.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com










## मुंबई में देश का सबसे लंबा सी-ब्रिज अटल सेतु जन समर्पित

# अब दो घंटे का सफर 20 मिनट में पूरा होगा

### पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

### 21.8 किमी लंबा ब्रिज मुंबई-नवी मुंबई को जोड़ेगा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन किया। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। इससे दो घंटे की दूरी अब 20 मिनट में पूरी होगी। दिसंबर 2016 में मोदी ने इसकी आधारशिला रखी थी। पुल की कुल लागत 17,843 करोड़ रुपये है। 21.8 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन वाले ब्रिज को मुंबई ट्रांस हार्बर सी-लिंक (एमटीएचएल) भी कहा जाता है। पुल का 16.5 किलोमीटर का हिस्सा समुद्र पर है, जबकि 5.5 किलोमीटर का हिस्सा जमीन पर है। इस पुल की क्षमता रोजाना 70 हजार वाहनों की है। फिलहाल यहां रोज 50000 वाहनों के गुजरने का अनुमान है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि इस परियोजना का पूरा होना ही उनकी गारंटी है। लोग तंग आ चुके थे, जिस तरह बड़ी परियोजनाएं रुकी हुई थीं और उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि बड़ी परियोजनाएं कभी पूरी होंगी। लेकिन यह मोदी की गारंटी है कि देश बदलेगा।

(पेज-7 भी देखें)

### अटल सेतु पूरा होना ही मोदी की गारंटीः पीएम



- मोदी बोले, देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में बढ़ा
- ब्रिज से रोजाना 50,000 वाहन गुजरने का अनुमान
- पुल को बनाने में 1.78 लाख मीट्रिक टन स्टील लगा
- 5.04 लाख मीट्रिक टन सीमेंट का उपयोग
- ब्रिज पर 400 सीसीटीवी कैमरे लगे। इसकी लाइफ करीब 100 साल होगी
- 16.5 किमी हिस्सा समुद्र व 5.5 किमी जमीन पर
- इस पर बाइक, तिपहिया वाहन, मोपेड, ऑटो और ट्रैक्टर नहीं चलेंगे। फोर-व्हीलर की मैक्सिमम स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई।

### अब सपने सच हो रहे

मोदी ने कहा कि 2014 से पहले बड़े-बड़े घोटाले चर्चा का विषय हुआ करते थे। लेकिन 10 साल बाद बड़ी परियोजनाओं के पूरा होने की बात हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'बीते 10 वर्षों में सपने सच हुए हैं। समुद्री पुल विकसित भारत का प्रतिबिंब है...यह भारत की ढांचागत शक्ति और एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ने को दर्शाता है।' आगामी परियोजनाएं नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई में तटीय सड़क, एयूआरआईसी (औरंगाबाद औद्योगिक शहर), मुंबई-दिल्ली औद्योगिक गलियारा और बुलेट ट्रेन आने वाले वर्षों में अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी। 'मोदी ने ठाणे-वाशी/पनवेल ट्रांस-हार्बर लाइन पर नए उपनगरीय रेलवे स्टेशन दीघा गांव और मुंबई में खार रोड और गोरेगांव रेलवे स्टेशनों के बीच छठी लाइन का भी उद्घाटन किया।

### कनेक्टिविटी बेहतर होगी


अभी तक मुंबई से नवी मुंबई जाने के लिए वाशी मार्ग होते हुए सानपाड़ा हाईवे से गुजरना पड़ता था। इससे यात्रा में कम से कम 2 घंटे लगते थे, लेकिन अटल सेतु की वजह से यह यात्रा अब 20 मिनट में पूरी हो जाएगी। इसके अलावा मुंबई से पुणे, गोवा और साउथ इंडिया जाने के लिए भी कम समय लगेगा।

### यह रहेगा टोल

पुल पर एक तरफ का टोल 250 रुपये प्रति कार तय किया गया है। वहीं, दोनों तरफ का टोल 375 रुपये प्रति कार होगा। मासिक पास टोल राशि का 50 गुना होगा।

### हर साल एक करोड़ लीटर ईंधन बचेगा

एमटीएचएल की वेबसाइट के मुताबिक, पुल के उपयोग से हर साल एक करोड़ लीटर ईंधन की बचत होने का अनुमान है। यह रोजाना 1 करोड़ ईवी से बचने वाले ईंधन के बराबर है। इसके अलावा प्रदूषण के स्तर में कमी आने से लगभग 25,680 मीट्रिक टन सीओ2 उत्सर्जन भी कम होगा। पपक्षियों और समुद्री जीवों की सुरक्षा के लिए ब्रिज पर साउंड बैरियर और एडवांस लाइटिंग की गई है। ब्रिज की लाइफ 100 साल होगी।





### नई पीढ़ी की आकाश का सफल परीक्षण

**बालासोर(भाषा)।** भारत ने ओडिशा के चांदीपुर अपतटीय क्षेत्र स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से नई पीढ़ी की 'आकाश' मिसाइल का सफल परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि यह परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा बहुत कम ऊंचाई पर उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्य को निशाना बनाकर किया गया। अधिकारियों ने कहा कि परीक्षण के दौरान अस्त्र प्रणाली ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोका और नष्ट कर दिया। स्वदेशी रूप से विकसित रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर, लॉन्चर, बहु कार्य रडार और कमान, नियंत्रण एवं संचार प्रणाली के साथ मिसाइल से युक्त संपूर्ण अस्त्र प्रणाली का कामकाज सटीक साबित हुआ।

## युवा दिवस पर कुरुक्षेत्र में सीएम मनोहर का ऐलान

# 1.80 लाख तक आय वाले परिवारों के 60,000 युवाओं को मिलेगा रोजगार

- युवा बनेंगे ठेकेदार, बिना गारंटी लोन दिलाएगी सरकार
- मनोहर लाल बोले, इस बार एचटेट में 2 लाख युवा पास हुए
- 15 दिन में 13000 से अधिक को बिना इंटरव्यू के मिलेगी नौकरी
- 60,000 ग्रुप सी और डी पदों पर जल्द भर्ती की जाएगी
- सिविल इंजीनियरिंग क्षेत्र में युवाओं को ट्रेनिंग देगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को मिशन 60,000 की घोषणा करते हुए कहा कि 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60,000 युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे। इसके अलावा, 60,000 ग्रुप सी और डी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया कुछ माह में पूरी होगी। सीएम ने कहा कि 15 दिनों के अंदर 13,000 से अधिक सरकारी नौकरियां बिना इंटरव्यू के मिलेंगी।

ग्रुप-डी एचटेट में राज्य के करीब 3.25 लाख अभ्यर्थियों ने एग्जाम दिया था, अच्छी बात यह है कि इसमें 2 लाख से अधिक अभ्यर्थी पास हुए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप-सी की परीक्षाएं अभी लगातार चल रही हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुरुक्षेत्र में स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय विवेकानन्द युवा महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए यह ऐलान किए हैं।




**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा महासम्मेलन में संबोधित करते हुए।

### कहां कितने पद भरे जाएंगे

सीएम मनोहर लाल ने कहा कि मिशन 60,000 के तहत, सरकार 1.80 लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 7,500 युवाओं को वन मित्र बनाएगी। 15,000 अनुबंधित कर्मचारी, 10,000 ट्रेंड वर्कर फैक्ट्री में, 15,000 सिविल इंजीनियरिंग के ठेकेदार और 7,500 अटल सेवा केंद्र के ऑपरेटर भर्ती किए जाएंगे।

**5000 को विदेश में रोजगार :** विदेशी सहयोग विभाग के माध्यम से 5,000 युवाओं को विदेश में रोजगार की सुविधा प्रदान की जाएगी। सिविल इंजीनियरिंग क्षेत्र में ट्रेनिंग देकर युवाओं को नए ठेकेदार बनाया जाएगा। एक साल तक तीन लाख रुपये तक का बिना गारंटी का लोन मुहैया कराया जाएगा। अगर यह युवा अपने गांव और क्षेत्र में 25 लाख तक का कार्य करते हैं तो कोई गारंटी नहीं ली जाएगी। सीएम ने बताया कि 1,10,000 नौकरी अभी तक मौजूदा सरकार में दी गई हैं। 60 हजार नौकरियां जल्द ही प्रदेश के युवाओं को मिशन मेरिट के आधार पर दी जाएंगी।



**कई स्थानों पर पाला जमा शीतलहर ने सताया**

**आज व कल बादलवाई छाने के आसार बने**

## अलसुबह छाया रहा घना कोहरा

# ठिठुरा प्रदेश, हिसार के बालसमंद में तापमान 0.4 डिग्री तक लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार/नारनौल

पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बर्फबारी और उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण प्रदेश में ठंड बढ़ती जा रही है। लोगों के हाड़ कंपाकंपाने लगे हैं। हरियाणा, एनसीआर और दिल्ली में ठंड का सितम कहर ढा रहा है। बर्फीली हवाएं चलने से रात्रि पार लुढ़ककर हिमांक बिंदु के आसपास पहुंच गए हैं। प्रदेश के सभी जिलों में तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका है। राज्य में कोल्ड वेव से गंभीर कोल्ड वेव तीखे तेवर अपनाए हुए है। मौसम विभाग ने संपूर्ण राज्य में 13 जनवरी के लिए रेड अलर्ट और आगे 16 जनवरी तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को प्रदेश में हिसार का बालसमंद सबसे ठंडा क्षेत्र रहा। यहां रात्रि तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। वहीं, महेंद्रगढ़ 1.0 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ दूसरे स्थान पर रह। नारनौल में भी रात्रि पारा 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### कड़ाके की सर्दी

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि एक पखवाड़े से लगातार कड़ाके की ठंड प्रचण्ड तेवरों से आगाज किए हुए है। संपूर्ण इलाके में आमजन को ठिठुरने को मजबूर कर दिया है। हरियाणा के उत्तरी हिस्से को कोहरे की सफेद चादर ने अपने आगोश में ले रखा है, जिसकी वजह से सुबह से दोपहर बाद तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं होते। खुले स्थानों, पार्क और खेत खलिहानों में पाला जमने लगा है। साथ ही साथ इन हिस्सों में शीतलहर (कोल्ड वेब) और गंभीर शीतलहर की स्थिति बनी हुई है और रात्रि तापमान भी लुढ़क रहे हैं।

### अभी राहत नहीं

कमजोर पश्चिमी सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में शनिवार-रविवार को हल्की बादलबाई देखने को मिलेगी और केवल आंशिक तापमान में बढ़त देखने को मिलेगी, लेकिन आने वाले चार पांच दिनों में आमजन को अभी हाड़ कंपा देने वाली ठंड से अभी राहत के आसार नहीं दिख रहे, क्योंकि ठंड का ट्रिपल अटैक गंभीर कोहरा, गंभीर कोल्ड डे, गंभीर कोल्ड वेब (शीतलहर) का कहर जारी है।

### पारा मीटर

| स्थान | पारा |
|---|---|
| बालसमंद | 0.4 |
| महेंद्रगढ़ | 1.0 |
| नारनौल | 2.2 |
| हिसार | 2.6 |
| रेवाड़ी | 2.7 |
| करनाल | 4.0 |
| भिवानी | 4.1 |
| झज्जर | 3.1 |
| फतेहाबाद | 3.2 |
| जींद | 5.3 |
| अंबाला | 5.2 |
| रोहतक | 4.1 |
| सिरसा | 5.0 |
| सोनीपत | 4.7 |
| पंचकूला | 5.5 |
| पानीपत | 5.5 |

(पारा न्यू. डिग्री से.में)

# दिसंबर में महंगाई दर बढ़कर 5.69% तक पहुंची

**नवंबर माह में महंगाई दर 5 .55 फीसदी थी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में रिटेल महंगाई दिसंबर में बढ़कर 5.69% पर पहुंच गई है। यह महंगाई का 4 महीने का उच्चतम स्तर है। सिंतबर में महंगाई 5.02% रही थी। वहीं, नवंबर में यह 5.55% और अक्टूबर में रिटेल महंगाई 4.87% रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतें बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। नवंबर की तरह दिसंबर में भी सब्जियों की महंगाई में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है। नवंबर में सब्जियों की महंगाई 17.7% से बढ़कर 27.64% हो गई। दूसरी ओर, ईंधन और बिजली की महंगाई सिकुड़कर -0.99% हो गई है जो नवंबर में -0.77% थी। आरबीआई की महंगाई को लेकर रेंज 2%-6% है। आदर्श स्थिति में आरबीआई चाहेगा कि रिटेल महंगाई 4% पर रहे।

### कैसे प्रभावित कर रही महंगाई

महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6% है, तो अर्जित किए गए 100 रुपये का मूल्य सिर्फ 94 रुपये होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वह ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी।

# पाक आतंकी रिंदा का सहयोगी पकड़ा

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पाकिस्तान में रह रहे आतंकवादी हरविंदर रिंदा के प्रमुख सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है, जो पंजाब में सनसनीखेज अपराधों को अंजाम देने के लिए आतंकवादी संगठन से जुड़े लोगों को हथियार मुहैया करा रहा था। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि राजस्थान के फलोदी में लोहावट गांव से कैलाश खिचन को गिरफ्तार किया गया है।

# भारत ने अरब सागर में 7 और युद्धपोत तैनात किए

**अभी यहां नौसेना के कुल 10 जंगी जहाज मौजूद**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अरब सागर से अदन की खाड़ी तक 7 और युद्धपोत तैनात किए हैं। इन पर मौजूद मरीन कमांडोज समुद्री लुटेरों से जहाजों को बचाएंगे। इसके पहले 26 दिसंबर को 3 युद्धपोत तैनात किए थे। नौसेना ने कहा कि अरब सागर में कारोबारी जहाजों पर हमले बढ़ रहे हैं। इन जहाजों को समुद्री लुटेरों से बचाने और उनके ड्रोन हमले रोकने के लिए सोमालिया के तट के पास, डिस्ट्रॉयर्स, फ्रिगेट्स और पेट्रोलिंग बोट समेत कुल 10 युद्धपोत तैनात किए गए हैं। इनमें आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोलकाता, कोच्चि, आईएनएस चेन्नई, तरकश और आईएनएस तलवार शामिल हैं।




## खबर संक्षेप

### मुक्केबाज पंघाल की याचिका पर बीएफआई को नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने शुक्रवार को प्रसिद्ध मुक्केबाज अमित पंघाल की राष्ट्रीय कोचिंग के लिए मुक्केबाजों के चयन के लिए बीएफआई द्वारा गठित चयन समिति को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) को नोटिस जारी किया। चयन समिति का काम शिविर और पेरिस ओलंपिक, 2024 तक सभी आगामी अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप/टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन करने की नीति बनाना है। बहस के दौरान याची के वकील ने दलील दी कि समिति का गठन केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय खेल विकास संहिता (एनएसडीसी) 2011 के प्रविधानों का पूरी तरह उल्लंघन है। मलिक ने कोर्ट को बताया कि बीएफआई ने 10 जनवरी, 2023 को समिति का गठन किया था और समिति ने 22 नवंबर, 2023 को अंतिम रूप दिया था।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत तीन दिवसीय प्रवास पर पहुंचे जींद

## सरसंघचालक ने चित्रकला कार्यशाला का अवलोकन करके तुलिका से भगवान राम का तिलक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

भिवानी रोड स्थित गोपाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत शुक्रवार को अपने तीन दिन के प्रवास लिए पहुंचे। आरएसएस प्रमुख के प्रवास को लेकर पुलिस और खुफिया विभाग अलर्ट पर है। चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। इससे पहले भारी पुलिस सुरक्षा के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को गोपाल स्कूल तक सड़क मार्ग से लाया गया। अंदर केवल चुनिंदा लोगों की ही एंट्री थी, जिन्हें स्पेशल पास जारी किए गए थे। इस प्रवास के दौरान हिंदू संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से मंथन किया जाना है। तीन दिवसीय प्रवास के दौरान शाखाएं भी लगाई जाएंगी। 2025 में संघ की स्थापना के सौ साल पूरे हो रहे हैं और ऐसे में 12 जनवरी को प्रदेश कार्यकारिणी शाखा लगाने के साथ अबतक क्या प्रगति हुई है, इस पर मंथन होगा। 13 जनवरी को संघ से जुड़े पूर्व सैनिकों की शाखा लगेगी, जिसमें वह पूर्व सैनिक भाग लेंगे जो संघ में सक्रिय हैं। 14 जनवरी को मकर संक्राति का पर्व मनाया जाएगा। संघ वर्ष में छह पर्व मनाता है। इसमें मकर संक्रांति भी एक है। शाखाओं में हर जिले से कार्यकर्ता आएंगे, जिनसे प्रगति रिपोर्ट भी ली जाएगी।

■ भागवत प्रवास के दौरान हिंदू संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से मंथन करेंगे


जींद। बाल खंड में भगवान राम का तुलिका से तिलक करते आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत।

**चित्रकला कार्यशाला का किया अवलोकन:** सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने रामायण के सात खंडों पर आधारित श्रीराममंडपम में दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद चित्रकला कार्यशाला का अवलोकन भी किया। अवलोकन में क्षेत्र संघचालक सीताराम व्यास, प्रांत संघचालक पवन जिंदल भी साथ में रहे। डा. मोहन भागवत 14 जनवरी तक जींद के गोपाल विद्या मंदिर में आयोजित हरियाणा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और संघ के कार्यों की समीक्षा करेंगे। आरएसएस प्रमुख ने बाल खंड में राम तिलक पर तूलिका से रंग लगा कर चित्रकला कार्यशाला की विधिवत शुरुआत की। चित्रकला कार्यशाला के बाद उन्होंने ने संघ की प्रांत कार्यकारिणी की बैठक ली। वहीं गोपाल स्कूल में आयोजित चित्रकला कार्यशाला में प्रदेशभर से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकारों ने अपनी तूलिका से संपूर्ण रामायण को कैनवास पर रंग डाला। चित्रकला कार्यशाला का आयोजन हरियाणा कला परिषद एवं संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान से आयोजित किया गया।

चित्रकला कार्यशाला में शैलेंद्र, प्रदीप कुमार, दीपक कौशिक, हिमांशु, नितिन, राजवीर, अमित कुमार, नवीन मरीचि, सुमित कुमार, मोहित बब्बर, डा. राहुल राठौर, डा. आदेश खैरीवाल, विजेंद्र रोहिल्ला, विकास रोहिल्ला, राजकुमार, स्वागत राम, दुर्गेश कुमार, हिमांशु, गगन नवीन कुमार, रामप्रसाद ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### गोपाल स्कूल के आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध




संघ प्रमुख के तीन दिवसीय प्रवास को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व खुफिया एजेंसिया भी अलर्ट हैं। भिवानी रोड व रोहतक रोड के बीच में गोपाल स्कूल है। दोनों ही रास्तों पर चार-चार नाके लगाए गए हैं। इन नाकों पर 24 घंटे पुलिस कर्मचारी तैनात रहे। इसके अलावा गोपाल स्कूल के चारों तरफ रिहायशी मकानों पर भी पुलिस कर्मी तैनात रहे। हालांकि रास्ते को ब्लॉक नहीं किया गया और आसपास लोगों को भी नोर्मल रहने के लिए कहा गया।

# हरियाणा रेल मेट्रो कारपोरेशन का किया जाएगा जल्द गठन

## डीएमआरसी की तर्ज पर काम होगा : कौशल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि बताया कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) की तर्ज पर हरियाणा रेल मेट्रो कारपोरेशन (एचएमआरसी) का भी जल्दी गठन कर दिया जाएगा। इसके लिए उच्च स्तर पर प्रयास किये जा रहे है। भारत सरकार के सचिव स्तर के अधिकारी को इस कारपोरेशन का चेयरमैन तथा हरियाणा सरकार के किसी प्रशासनिक अधिकारी को इसका प्रबंध निदेशक बनाया जाएगा। मुख्य सचिव ने बताया कि गुरुग्राम से भिवाड़ी तक बनाए जाने वाले रैपिड रेलवे ट्रैक सिस्टम आरआरटीएस का काम भी जल्दी शुरू किया जाएगा।

■ कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण कार्य मार्च तक पूरा होगा

संजीव कौशल ने गुरुग्राम में हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन करने के उपरांत निगम के प्रथम वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। संजीव कौशल ने कहा कि हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम (एचआरआईडीसी) द्वारा 350 करोड़ रूपए की लागत से बनाए जा रहे करीब 6 किलोमीटर लंबे कुरुक्षेत्र एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और यह कार्य इस वर्ष मार्च माह तक पूरा हो जाएगा। इस ट्रैक के बनने से कुरूक्षेत्र-नरवाना रेलवे लाईन पर पांच मानवयुक्त लेवल क्रासिंग समाप्त हो जाएंगे और कुरुक्षेत्र शहर में रेल एवं सडक़ यातायात के संचालन एवं सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा।



### एचओआरसी द्वारा नया रेलवे ट्रैक बिछाया जा रहा

उन्होंने कहा कि निगम की सहयोगी कंपनी हरियाणा रेल ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (एचओआरसी) द्वारा 126 किलोमीटर लंबा पलवल से सोनीपत तक, सोहना, मानेसर और खरखौदा होते हुए डबल स्टैक कंटेनर माल ढुलाई के लिए ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन के साथ एक मध्य-उच्च गति का नया रेलवे ट्रैक बिछाया जा रहा है। इस पर डबल डेकर माल गाड़ी भी आसानी से चल सकेगी। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा किया जा चुका है जिसके लिए किसानों को 1100 करोड़ रूपए की मुआवजा राशि भी दी जा चुकी है। इस रेल परियोजना में सोनीपत, रोहतक, झज्जर व गुरूग्राम जिला का कुछ हिस्सा शामिल है। इस परियोजना को निगम द्वारा एचएसआईआईडीसी, जीएमडीए और निजी कंपनियां मारूति एवं अल कारगो के साथ स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) बनाकर किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि हरियाणा उत्तरी भारत का पहला राज्य है, जहां एक रेल निगम बनाकर प्रदेश में आधुनिक व नया रेल तंत्र विकसित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने चार जिलों में 68 सड़कों के सुधार को मंजूरी दी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निर्बाध परिवहन सुविधाएं और बेहतर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए बुनियादी सड़क ढांचा में बदलाव हेतू कई सड़क परियोजनाओं की प्रशासनिक मंजूरी दी है। है। करनाल, कैथल, हिसार और करनाल सहित 4 जिलों की इन परियोजनाओं पर 115.11 करोड रुपये की लागत 68 अन्य जिला सड़कों (ओडीआर) का सुधार शामिल है। ग्रामीण क्षेत्रों से तहसील मुख्यालयों, ब्लॉक विकास मुख्यालयों, रेलवे स्टेशनों बाजार केंद्रों तक उत्पादन और सेवा बढ़ाने वाली इन सड़कों को अन्य जिला सड़कें (ओडीआर) के रूप में जाना जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इन परियोजनाओं में 18.22 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण शामिल है। उन्होंने बताया कि भिवानी जिले में 15.23 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 39.63 किमी सड़कें, कलायत, कैथल जिला में 24.66 करोड़ रुपए की 49.59 किमी सड़कें, .आदमपुर, हिसार जिले में 18.86 करोड़ रुपये की 18.33 कि.मी सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक करीब आठ लाख लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**चंडीगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा के हर गांवों और शहरों में पहुंच रही है। लोग यात्रा का स्वागत करने के साथ-साथ अपनी समस्याओं से सांसदों, विधायकों और अधिकारियों को अवगत करा रहे हैं, जिससे उनकी समस्याओं का तुरंत ही समाधान हो रहा है। इस प्रक्रिया से लोग खुश हैं। उन्हें इस बात का संतोष है कि समस्याओं के निदान के लिए उन्हें अब जिला मुख्यालय के कार्यालयों में नहीं जाना पड़ता। इससे उनके समय व धन की भी बचत हो रही है। यात्रा के दौरान लोग स्वास्थ्य जांच का भी बखूबी लाभ ले रहे हैं। घर द्वार पर ही कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। अब तक यात्रा के दौरान 7 लाख 89 हजार 213 लोग विभिन्न जगहों पर लगे कैपों में स्वास्थ्य की जांच करा चुके हैं। इनमे 5 लाख 45 हजार से अधिक लोगों ने टीबी की जांच कराई है और लोगों को मुफ्त दवा भी मिल रही है। यात्रा के प्रति लोग खासे उत्साहित हैं। अभी तक यात्रा में 44 लाख से अधिक लोग भागीदारी कर चुके हैं। इनमें 25 लाख 46 हजार 417 पुरुष और 18 लाख 47 हजार 832 महिलाएं यात्रा में उपस्थिति दर्ज कराई हैं।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1347

मनकि अनिल कुमार पुत्र रामकिशन पुत्र प्रभूदयाल, निवासी मकान न0 23, गांव हौज़ खास, दक्षिणी दिल्ली, दिल्ली–110016 एवं बिस्वेदार गाँव दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 8142 तकसीम, के अनुसार अराजी खेवट न0 344मिन/330 – 441मिन/407, खाता न0 352 मिन – 449मिन, मु0 न0 121, किला न0 16(7–4), 17(8–0), 18(8–0), 19/1(2–0), 19/2 (6–0), 20(8–0), 21(8–0), 22(8–0), 23(8–0), मु0 न0 132, किला न0 1/1/1(2–13), 2/1/1(2–13), 3/1/1(2–13), किते 12, तादादी रकबा 71 कनाल 3 मरले का 1577/5692 भाग, बकदर 19 कनाल 14.25 मरले का मालिक व काबिज है जिसमें से कुल रकबे का 157/1423 भाग, बकदर 7 कनाल 17 मरले व खेवट न0 817/784, खाता न0 853, मु0 न0 132, किला न0 6/2(0–12), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 12 मरले का 1/4 भाग, बकदर 0 कनाल 3 मरले, उपरोक्त खेवटों से कुल तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला (1.0 एकड़), वाका रकबा मौजा दादरी तोए, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 132, किला न0 1/1/1 मिन दक्षिण (2–9), 2/1/1 मिन दक्षिण (2–9), 3/1/1 मिन पूर्व दक्षिण (2–10), 6/2(0–12), किते 4, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला (1.0 एकड़), पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 12.01.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नामः** **1.** एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/डब्ल्यू/पीएनपी के तहत डीयूके पीएनपी सेक्शन पर लेवल क्रॉसिंग नंबर 19, 20बी, 28, 31, 48 और 59 पर एलएचएस के वॉटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट सहित कवर शेड और बैलेंस कार्यों का प्रावधान। **2.** डीयूके पर एडीईएन/केयूएन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/केकेडीई के अनुभाग में एलएचएस नंबर 90, 92, 94, 95, 96, 97 और 99 (07 नंबर) पर मौजूदा अंडर पास को कवर करने और जल निकासी व्यवस्था में सुधार का प्रावधान। अनुभाग। **3.** एलएचएस संख्या 11, 23, 27, 27A, 28, 29, 32, 36, 37, 39, 42, 43, 44, 46, 51, 54 पर मौजूदा अंडर पासों को कवर करने और जल निकासी व्यवस्था में सुधार का प्रावधान। ADEN/KUN के अंतर्गत SSE/W/KKDE के अंतर्गत NK अनुभाग |
| 2 | **अनुमानित लागतः 1.** रु. 3,97,04,251.98/-, **2.** रु. 3,08,55,481.92/-, **3.** रु. 11,37,29,683.43/- |
| 3 | **धरोहर राशिः 1.** रु. 3,48,500/-, **2.** रु. 3,04,300/-, **3.** रु. 7,18,700/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए) **नोटः-** एफ.डी.आर. या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4 | **समापन अवधिः 1, 2, & 3:** 12 महीने |
| 5 | **ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समयः** 06.02.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 06.02.2024 को 15:00 बजे। |
| 6 | **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता हैः** www.ireps.Gem.in पर उपलब्ध है। |
| 7 | **समान प्रकार के कार्यः 1, 2, & 3:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

**नोट**:- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

सं.: 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/23-24/डब्लू-I/(NIT-46, 47&48) दिनांकः 11.01.2024 144/24


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रदेश के युवाओं को नौकरियों से वंचित कर रही सरकार : हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने एचपीएससी की परीक्षा से हरियाणा जीके खत्म करने, पटवारी व कानूनगो के धरने-प्रदर्शन और यूरिया बैग का वजन घटाने के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है। हुड्डा पार्टी में लोगों को शामिल करने के अवसर पर बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने एचपीएससी द्वारा सहायक पर्यावरण अभियंता भर्ती को लेकर जारी सिलेबस पर टिप्पणी की। हुड्डा ने कहा कि सरकार प्रदेश के युवाओं को नौकरियों से पूरी तरह वंचित करना चाहती है। इसीलिए जानबूझकर सरकारी भर्तियों के लिए ऐसे नियम बनाए जा रहे हैं, जिसका अन्य राज्य के युवाओं को लाभ हो सके। एचपीएससी द्वारा सिलेबस से हरियाणा जीके को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। एचएसएससी और एचपीएससी की भर्तियों लगातार गैर-हरियाणवियों को तरजीह देने के लिए यहीं नीति अपनाई जा रही है। एसडीओ, बीडीपीओ, लेक्चरर से लेकर सहायक पर्यावरण अभियंता तक हर भर्ती में प्रदेशवासियों के साथ इसी तरह की साजिश हो रही है।अब एचपीएससी ने एसीएस परीक्षा के लिए भी उन अभ्यार्थियों को अप्लाई करने की छूट दे दी है जिनके पास हरियाणा डोमिसाइल नहीं है।

# निहंग बाबा फकीर सिंह के आठवें वंशज बाबा हरजीत को मिला राम मंदिर समारोह का न्योता



**चंडीगढ़।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विशेष आमंत्रण मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए निहंग बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर ने कहा कि भगवान श्री राम ने उंगली पड़कर मुझे अयोध्या बुलाया है। बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर 1885 में बाबरी ढांचे पर कब्जा कर हवन करने वाले निहंग बाबा फकीर सिंह के आठवें वंशज हैं। यहां उल्लेखनीय है कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है तथा इस भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा प्रमुख शख्सियतों को आमंत्रित किया जा रहा है। बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर इस आमंत्रण से इतने भावविभोर हो गए कि उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा तथा आमंत्रण से खुशियों का सैलाब उमड़ पड़ा। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज निहंग बाबा फकीर सिंह के उस समय किये संघर्ष का फल आज उनकी आठवीं पीढ़ी को अयोधया में राम मंदिर कि उद्घाटन समारोह में शामिल होने का आमंत्रण के तौर पर हासिल हुआ है। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास का आभार मानते हुए उन्होंने कहा कि मुझे इतना बड़ा सम्मान मिलना काफी बड़ी बात है।

# सफाईकर्मियों की भर्ती नहीं कर रही सरकारः सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी सैलजा ने कहा कि बिना कुछ करे-धरे प्रदेश कसरकार अपनी पीठ खुद थपथपाने में लगी रहती है जबकि धरातल पर उसका कोई काम नजर नहीं आ रहा है। साफ-सफाई के नाम पर अरबों रुपये सालाना पानी की तरह बहा दिया जाता है पर सर्वे में हरियाणा औंधे मुंह गिरा हुआ है। पहले पांचवें स्थान पर रहा हरियाणा आज 14 वें स्थान पर लुढ़का हुआ है पर सरकार इसे लेकर भी गंभीर नहीं है, सरकार ने कभी सफाई कर्मियों की भर्ती पर ध्यान नहीं दिया जो काम कर रहे है उनमें से आधे अधिकारियों और सत्ता पक्ष के लोगों के घरों में लगे हुए है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा

खुली निविदा संख्या 48–अम्बाला/2023–24 दिनांक 12/01/2024

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मंडल अभियंता/पटियाला एव सहायक मंडल अभियंता/बटिण्डा के अधीन (फाटक सं० (C–1, 8, 11, 12, 16, 21, 23, 25, 26, 28, 29, 33, 35, 37, 40, 46, 53, 54, 58, 60, 64, 67, 69, 79, 97, 99) सेप्टिक टैंक और जलापूर्ति व्यवस्था का प्रावधान। | 75,54,461 | 1,51,100 | 04 महीने | 05.02.2024 |
| 2 | सहायक मंडल अभियतां/बटिण्डा के अधीन सीनियर सेक्सन इंजीनियर/कार्य/लाइन बटिण्डा के सेक्सन में बटिण्डा में पथों की मरम्मत और यार्डो में रोशनी के प्रावधान द्वारा वैगन परीक्षण के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार। | 49,58,401 | 99,200 | 04 महीने | 05.02.2024 |
| 3 | सीनियर डीईएन–II/अम्बाला के सेक्शन में मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के द्वारा रेल की वेल्डिंग के साथ 25.396 का टीआरआर (एस) और 24.585 टीकेएम का सीटीआर (एस) और सीनियर डीईएन– II और III के अनुभाग में एमएफबीडब्ल्यूपी के द्वारा एसडब्ल्यूआर से एलडब्ल्यूआर लूप लाइन का रुपांतरण। | 2,77,59,818 | 2,88,800 | 12 महीने | 05.02.2024 |
| 4 | सहायक मडंल अभियंता/शिमला के अधीन सीनियर सेक्सन इंजीनियर/कार्य/शिमला के सेक्सन में शिमला स्टेशन पर भू–फिसलन के कारण जो डीजल लोको शेड टूट गया था उसकी मरम्मत। | 34,78,364 | 69,600 | 03 महीने | 05.02.2024 |
| 5 | एडीईएन/एसआरई के तहत टी–2 कॉलोनी में ब्लॉक एल–1 की फर्श और प्लास्टरिंग की मरम्मत, क्वार्टरों में मच्छर जाली दरवाजे ब्लॉक नंबर 540 से 545, 485 से 490, 121,122,123,132,110,105, 406,409,458, 454, 455 से 470 रेलवे कॉलोनी एसआरई में, एसआरई रेलवे कॉलोनी में पानी की टंकी के जल आपूर्ति फिक्स्चर का रखरखाव और संचालन और सहारनपुर अधिकारी विश्राम गृह में हरी दीवार और ऊर्ध्वाधर उदयान का प्रावधान। | 44,78,943 | 89,600 | 24 महीने | 05.02.2024 |

नोटः 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 154/24



## हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 63/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन काहनौर, रोहतक में टाइप-II 2 अदद और टाइप-III 2 अदद आवासीय क्वार्टरों का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 61/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन सांपला, रोहतक में क्वार्टर्स श्रेणी-III 7 अदद और श्रेणी-I 3 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 55/CCR/2023-24 | निविदा सूचना सं. 55/सीसीआर/2023-24, 33 केवी सब स्टेशन एचएनजी बहादुरगढ़ में पेवर ब्लॉक रोड को बिछाना, 7' ऊंची चारदिवारी का निर्माण। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 69/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन बाबेपुर (झज्जर) में क्वार्टर्स श्रेणी-III 8 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 68/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन सासरौली (झज्जर) में क्वार्टर्स श्रेणी-III 8 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 6 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 70/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन बुपनियां (बहादुरगढ़) में क्वार्टर्स श्रेणी-III 4 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 7 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 76/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन नौलथा, पानीपत में क्वार्टर्स श्रेणी-III 8 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 8 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 81/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन बेग्गा, गन्नौर में 2 अदद श्रेणी-III और 2 अदद श्रेणी-II आवासीय क्वार्टरों का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 9 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 80/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन बेहोली, पानीपत में क्वार्टर्स श्रेणी-II 3 अदद, श्रेणी-III 3 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 10 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 79/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन डिकाडला, पानीपत में क्वार्टर्स श्रेणी-II 4 अदद, श्रेणी-III 4 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 11 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 78/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन काबरी, पानीपत में क्वार्टर्स श्रेणी-II 4 अदद, श्रेणी-III 4 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 12 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना 77/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन उरलाना, पानीपत में क्वार्टर्स श्रेणी-III 8 अदद का विखण्डन। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 18.01.2024, खुलना : 19.01.2024 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 13 | यूएचबीवीएन | एनआईटी सं. 04/NGH/2023-24 | एसडीओ ओपी एस/डिवीजन, यूएचबीवीएन शाहजादपुर हेतु वाहन को किराये पर लेने के लिए निविदा एनआईटी सं. 04/एनजीएच/2023-24 के तहत निविदा की प्राप्ति/खुलने की तिथि, जो 17.01.2024 को अप. 3.00 बजे खोली जानी थी, अब 17.01.2023 को अवकाश पड़ने की वजह से आगे बढ़ा दी गई है। आईबीआईडी निविदा के खुलने का नया कार्यक्रम निम्नानुसार है :- 1. निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि : 24.01.2024 अप. 1.00 बजे तक, 2. निविदा जमा करवाने की अन्तिम तिथि : 24.01.2024 अप. 3.00 बजे तक, 3. निविदा के खुलने की तिथि : 24.01.2024 अप. 3.30 बजे तक। | https://www.uhbvn.org.in | 9354726356 xenopnaraingarh@uhbvn.org.in |
| 14 | यूएचबीवीएन | मैमो सं. CH02/एनआईटी-05/2023-24 दिनांक 19.12.2023 | एसडीओ 'ओपी' एस/डिवी. यूएचबीवीएन, निसिंग के तहत शिकायत केन्द्र के लिये एक वाहन (हॉफ बॉडी पिकअप बोलेरो) को किराये पर लेना। | https://www.uhbvn.org.in | 7988661392 xenopassandh@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/280/24163/I/88/6 दि. 12.01.24

## खबर संक्षेप

### टंकी में डूबने से 8 माह के मासूम की मौत

**भट्टूकलां।** खंड के गांव जांडवाला बागड़ में हुए दर्दनाक हादसे में 8 माह के बालक की मौत हो गई। धर्मशाला के निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर परिवार का 8 माह का बच्चा पानी की टंक में जा गिरा। मात्र 2 फीट पानी में बालक डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा बिना पोस्टमार्टम करवाए बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए बने पॉलिसी : हुकटा

**चंडीगढ़।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स संघ (हुकटा) ने सरकार से मांग की कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कार्यरत अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए पॉलिसी या विशेष कैडर बनाकर उनका रोजगार सुरक्षित करें। ये अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसर रिक्त पदों पर लंबे समय से काम कर रहे हैं, स्थायी भर्ती की प्रक्रिया से उन पर छंटनी की तलवार लटक चुकी है। संघ के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा से मिलकर मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया और मुख्यमंत्री से मिलवाने की मांग की ।

### अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे पुलिस स्टेशन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस स्टेशनों में अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत कर रही है। नवोन्मेषी दृष्टिकोण में रेटिना और उंगलियों के निशान को कैप्चर करना शामिल है। पुलिस स्टेशनों में विशेष उपकरणों की स्थापना से आरोपी व्यक्तियों और शिकायतकर्ताओं दोनों की पहचान का विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही, शिकायत प्रबंधन मॉड्यूल में विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप सुधार किया है। हरसमय पोर्टल पर मोबाइल नंबर लॉगिन से ही उत्तम नागरिक सेवाकौशल ने सीसीटीएनएस और आईसीजेएस की राज्य शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद इस महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डाला।

### सीडीएलयू गुमनाम पत्र मामले में आरोपों की पुष्टि नहीं : एएसपी

# छात्राओं से मिली एसआईटी छेड़छाड़ का कोई सबूत नहीं

- अब तक 470 छात्राओं के बयान दर्ज : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

एएसपी दीप्ति गर्ग ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में एक गुमनाम पत्र में छात्राओं व एक महिला प्राध्यापक की ओर से लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। वे शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रही थी।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण द्वारा गठित स्पेशल टीम द्वारा बीती 4 जनवरी 2024 को सीडीएलयू के एक प्रोफेसर के खिलाफ एक गुमनाम पत्र में लगाए गए आरोपों की जांच गंभीरतापूर्वक जारी है।



सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए एएसपी दीप्ति गर्ग।

एएसपी दीप्ति गर्ग ने बताया कि इस मामले में अब तक महिला प्राध्यापक और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को मिलाकर 470 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। अभी तक किसी भी छात्रा या महिला प्राध्यापक ने गुमनाम पत्र में लगाए गए आरोप बारे कोई पुष्टि नहीं की है। पुलिस द्वारा कुछ अन्य छात्राओं के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। एएसपी गर्ग ने बताया कि अगर कोई छात्रा टेलीफोन या मैसेज के जरिए भी अपने बयान दर्ज करना चाहती है तो हमारी टीम को दर्ज करवा सकती है। इस प्रकरण के लिए विशेष टीम विभिन्न एंगल से जांच कर रही है। विश्वविद्यालय की तरफ से भी हमें लिखित में शिकायत दर्ज करवाई गई है।

अभी तक जांच में यह भी स्पष्ट हो चुका है कि संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी कोई फुटेज वगैरह डिलीट नहीं पाई गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। इस अवसर पर विशेष टीम की सदस्य सिरसा महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर घनश्याम व इंस्पेक्टर सर्वजीत कौर भी उपस्थित रही।

### सीएम फ्लाइंग की दादरी सामान्य अस्पताल में रेड

# अस्पताल में सुविधा, फिर भी मरीजों को टेस्ट के लिए भेज रहे बाहर

- निजी लैब से कमीशन मिलता था, दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चरखी दादरी



चरखी दादरी। छापामारी के दौरान अस्पताल में पूछताछ करते टीम अधिकारी।

शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग ने दादरी सामान्य अस्पताल में रेड मारी। फ्लाइंग ने अस्पताल के लैब टेक्नीशियन व एक स्वीपर को रंगे हाथों काबू किया, ये दोनों अस्पताल में लैब सुविधा होने के बाद भी मरीज को निजी लैब में टेस्ट के लिए भेजते थे। टीम ने इन कर्मचारियों से मरीज से लिए 500 भी बरामद किए हैं। दोनों कर्मचारी निजी लैब से कमीशन लेते थे। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि दादरी सिविल अस्पताल में मरीजों से लैब में जांच के लिए रुपये लिए जाते हैं। शिकायत के बाद सीएम फ्लाइंग से अनूप सिंह में दादरी गुप्त विभाग की टीम ने अस्पताल में छापा मारा। गांव खेड़ी पुरा निवासी दिनेश ने बताया कि वह पेट दर्द की शिकायत के बाद दादरी सामान्य अस्पताल में आया था। डॉक्टर ने टेस्ट लिखा तो वह अस्पताल की लैब में पहुंचा। वहां लैब टेक्नीशियन ने कहा कि यहां ये टेस्ट नहीं होगा, बाहर होगा। निजी लैब में 400 रुपए लगेंगे और रिपोर्ट के लिए भटकना नहीं पड़ेगा यहीं मिल जाएगी। उसने लैब टेक्नीशियन को 500 दे दिए। तब निजी लैब में उसका टेस्ट करवाया।

#### अस्पताल में थी टेस्ट किट

सिम फ्लाइंग की रेट के दौरान पाया गया कि अस्पताल में टेस्ट किट हैं। लैब टेक्नीशियन रवि कुमार व एक स्वीपर दोनों मिली भगत कर मरीजों को निजी लैब भेजते थे। निजी लैब से उनका कमीशन मिलता था। मैरिज दिनेश कुमार के साथ भी ऐसा ही किया गया था। आरोपी कर्मचारियों से दिनेश से टेस्ट के नाम पर लिए गए 500 भी बरामद किए हैं।

#### दोनों कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

ड्यूटी मजिस्ट्रेट खंड कृषि अधिकारी हरबंस ने बताया कि दोनों कर्मचारियों के खिलाफ विभाग को लिखा गया है। पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को पास भेजी गई है। जिनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नशा मुक्ति केंद्र संचालक समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया

# बाथरूम में बंद कर भूखा-प्यासा रखा, पेशाब पिलाने का आरोप

- गांव खतौली के नशा मुक्ति केंद्र में यातनाएं देने का मामला


हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

नशा मुक्ति केंद्रों में यातनाएं देने का एक मामला सामने आया है। ताजी घटना गांव खतौली में बने नशा मुक्ति केंद्र की है। आरोप है कि यहां केंद्र के संचालक व उसकी टीम ने युवक को पहले चप्पलों व डंडों से मारा। 2 दिन बाथरुम में भूखा-प्यासा बंद करके रखा और पेशाब पिलाया। परिजनों की शिकायत पर नशा मुक्ति केंद्र संचालक व उसके साथियों के खिलाफ पंजोखरा पुलिस ने केस दर्ज किया है। अंबाला कैंट के बीसी बाजार निवासी आकाश ने बताया कि उसका चचेरा भाई 3-4 महीने से स्मैक का नशा करने का आदी हो गया था। उसने अपनी चाची गीता के साथ आपस में सलाह करने के बाद भाई को नशा मुक्ति केंद्र (खतौली) में छोड़ने का फैसला लिया था। उन्होंने केंद्र के मालिक सरताज को अपनी चाची के घर पर बुलाया। आकाश ने बताया कि 10 दिसंबर को सरताज अपनी टीम के साथ उसके भाई को अपने साथ नशा मुक्ति केंद्र खतोली में ले गया था। उन्होंने एडवांस में कोई पैसा नहीं दिया था। 5 जनवरी को उसके परिजन उससे मिलने के लिए नशा मुक्ति केंद्र में गए थे लेकिन आरोपियों ने मिलने नहीं दिया। न नहीं कैमरे में उसके भाई को दिखाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके बाद 7 दिसंबर को फिर उसकी चाची व बहन वहां मिलने गई। यहां काफी मन्नित करने के बाद व 10 हजार रुपए देने के बाद उसकी चाची व बहन को युवक से मिलने दिया। जब उसकी चाची ने उससे अकेले में बात की तो वह काफी डरा हुआ था। कह रहा था कि मुझे नशा मुक्ति केंद्र में बुरी तरह से पीटा है। आरोप लगाया कि सरताज और उसका लड़कों ने चप्पलों-डंडों से मारा। यही नहीं, 2 दिन बाथरुम में भूखा-प्यासा बंद रखा और पेशाब पिलाया। बता दें कि इससे पहले भी नशा मुक्ति केंद्रों में यातनाएं देने के मामले सामने आ चुके हैं।

# जज को धमकी देने वाला गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

अदालत के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए जज तक का 'पक्का इंतजाम' करने की धमकी दे चुके 40 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित व कार्ट से पीओ घोषित किए जा चुके कुख्यात गैंगस्टर महेश सैनी को सीआईए ने गिरफ्तार कर लिया। गैंगस्टर की गिरफ्तारी जिला पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यह गैंगस्टर सीआईए धारूहेड़ा के हत्थे चढ़ा है, जिसे कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। महेश सैनी के खिलाफ विभिन्न थानों में चालीस से अधिक केस दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या के



#### खास बातें

- जज का 'पक्का इंतजाम' करने की दे चुका धमकी
- कोर्ट ने बीते वर्ष किया था महेश सैनी को पीओ घोषित
- तीस से अधिक वारदातों में शामिल है कुख्यात महेश

प्रयास व आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। उसके खिलाफ एएसजे कोर्ट में विचाराधीन एक मामले में तत्कालीन एएसजे डा. सुशील कुमार गर्ग की अदालत ने तीन बार अरेस्ट वारंट जारी किए थे। वारंट की तामील होने की बजाय उसकी पत्नी ने बताया था कि महेश का कहना है कि जब तक जस्टिस गर्ग रेवाड़ी में हैं, तब तक वह नहीं आएगा। वह जस्टिस का 'पक्का इलाज' करने के बाद ही आएगा। कोर्ट की ओर से उस समय महेश सैनी को तुरंत गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे, परंतु पुलिस उसे पकड़ने में नाकाम रही थी। गत वर्ष के अंत में जस्टिस डा. सुशील कुमार की गर्ग ने उसकी संपत्ति अटैच कराने के आदेश जारी किए थे। इस दौरान महेश सैनी के खिलाफ केस के गवाह को धमकाने का केस भी दर्ज किया गया था। तहसीलदार ने उसकी दो गाड़ियां और प्लॉट अटैच किए थे। कोर्ट ने पीओ भी घोषित कर दिया था।

#### आर्म्स एक्ट के तहत अंतिम केस

महेश सैनी के खिलाफ अंतिम मामला गत वर्ष 10 दिसंबर को आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। वह पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। एसपी दीपक सहारण ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हुए थे कि महेश सैनी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। आखिरकार उसकी गिरफ्तारी का सेहरा धारूहेड़ा सीआईए के सिर बंध चुका है। एसपी दीपक सहारण ने गैंगस्टर को गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि की है।

#### एनआईए कर चुकी रेड

महेश के घर पर करीब एक सप्ताह पहले एनआईए की पांच सदस्यीय टीम ने रेड की थी। यह टीम करीब 7 घंटे तक महेश सैनी के मकान में रही थी। इसके बाद दो बैग में आवश्यक सामान लेकर टीम बाहर आई थी। महेश सैनी की गिरफ्तारी जिला पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई थी। पूछताछ के बाद उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी भी जल्द हो सकती है।

# थाने-चौकियों पर मुख्यालय से नजर

- कैमरे बंद हुए तो बताना होगा कारण, संबंधित थाना प्रभारी की रहेगी जिम्मेदारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶। चंडीगढ़

आखिरकार सूबे के सभी थानों और चौकियों पर अब चौबीसों घंटे सातों दिन कैमरों की नजर रहेगी, क्योंकि सभी में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। खास बात यह है कि अब प्रदेश मुख्यालय, आईजी और एसपी स्तर तक हर थाने व चौकी पर नजर रहेगी। अगर एक ही कैमरा बंद हुआ, तो इसका कारण भी आला अफसरों के सामने साफ करना होगा।

सौ करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च कर सूबे के पुलिस थानों और चौकियों को सीसीटीवी कैमरों से कवर कर दिया गया है। इस तरह से चौबीसों घंटे सातों दिन हाई क्वालिटी के ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी नजर निगरानी करेंगे। थानों में होने वाले घटनाक्रम, हलचल और कामकाज पर हर वक्त नजर रखी जाएगी। जिलों में पुलिस कप्तान (एसपी), रेंज आईजी और डायल 112 मुख्यालय तक हर थाने और चौकी की जानकारी उपलब्ध रहेगी। हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की ओर से लगभग 106 करोड़ की लागत से प्रदेश के 382 पुलिस चौकियों 383 थानों में हाईटेक कैमरे लगाने का काम पूरा किया जा चुका है। थानों में जनता के साथ गलत व्यवहार करने व मारपीट के कई मामले सामने आने के बाद ही सुप्रीमकोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को पुलिस थानों में कैमरा लगाने के आदेश जारी किए थे। कोर्ट ने चिंता जाहिर की थी कि पुलिस थानों और चौकियों में फरियादियों के साथ गलत व्यवहार किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर ही हरियाणा में 2 साल पहले सभी पुलिस थानों और चौकियों में कैमरे लगाने का प्रस्ताव तैयार था। लेकिन टेंडर प्रक्रिया में देरी के कारण योजना को सिरे चढ़ाने में वक्त लगता चला गया। पहले पुलिस महकमे की ओर से यह काम हारट्रोन को दिया था लेकिन देरी के कारण बाद में इसका जिम्मा हरियाणा पुलिस आवास निगम को सौंप दिया गया।

#### 7500 नाइट विजन कैमरे



सूबे की सभी पुलिस चौकी और थानों में करीब 7500 नाइट विजन सीसीटीवी. कैमरे लगाए हैं जिसका परीक्षण शुरू हो चुका है। इनमें थानों में 15-16 चौकियों में 6 से 7 कैमरे लगाए हैं। कैमरों का फोकस प्रवेश द्वार से लेकर, निकास द्वार और बंदी गृह, प्रवेश और स्वागत कक्ष के साथ साथ में पूछताछ वाले कमरों , एसएसओ रूम, मुंशी रूम, रिकार्ड रूम और चारदीवारी सहित सभी मुख्य स्थानों पर रहेगा।

#### कैमरों की भी हो रही मॉनिटरिंग

कैमरों की मॉनिटरिंग जिलों के एसपी, रेंज आईजी, डायल 112 के मुख्यालय में की जा रही है। पुलिस थानों में एसएचओ. रूम में मानीटर लगाया है, जहां थानों की गतिविधियों को वे रूम में बैठकर देख सकता है। कैमरे 24 घंटे चालू रहेंगे। किसी पुलिसकर्मी की ओर से यदि कैमरों को बंद करने की कोशिश की गई, इस दौरान अलार्म बजेगा,इसकी सूचना तुरंत ही मुख्यालय तक पहुंच जाएगी।

# विदेश में भतीजे के एक्सीडेंट की बात कह ठगे 16 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

कनाडा में हुए सड़क हादसे में फतेहाबाद के एक परिवार के युवक के फंसने और उसे इस मामले से बाहर निकलवाने के नाम पर फतेहाबाद के एक व्यक्ति से 16 लाख की ठगी होने का मामला सामने आया है। करीब एक साल पहले ही ठगी के इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद में अब केस दर्ज हुआ है।

नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दी शिकायत में गांव अहलीसदर निवासी जसबीर सिंह ने कहा है कि वह फौज से रिटायर है। उसके साले बिरसा सिंह का लड़का हैप्पी 10 सालों से कनाडा में रहता है। जनवरी 2023 में उसके पास एक फोन आया और फोन करने वाले ने स्वयं को हैप्पी बताया और कहा कि उसके दोस्त की पार्टी थी और वह पार्टी में नहीं गया तो दोस्त गाड़ी लेकर उसके घर आ गए। जब वे गाड़ी में जा रहे थे तो रास्ते में एक्सीडेंट हो गया जिसमें एक अंग्रेज, उसकी पत्नी व बच्चे को काफी चोटें आई है। उसके दोस्त व गाड़ी को कनाडा पुलिस ले गई है। इसके बाद वह कनाडा में वकील के पास चला गया।

#### राजीनामे के नाम पर ठगी

पीड़ित जसबीर ने बताया कि वकील ने उसे व्हाट्सअप कॉल कर कहा कि हैप्पी को छुड़वाना है तो उसके खाते में 2 लाख रुपये डाल दो। इसके बाद कहा कि पुलिस नहीं मान रही, 5 लाख ओर देने होंगे। इसके बाद कहा कि जिनके चोटें लगी हैं, वह 10 लाख रुपये मांग रहे हैं और वह 5 लाख में राजीनामा करवा देगा। इसके बाद उसे फोन कर जज को मनवाने के नाम पर 4 लाख रुपये मांगे जोकि उसने भेज दिए। इसके बाद वकील ने फोन कर कहा कि उसके लड़के को छुड़वा दिया गया। जब उसने हैप्पी से बात की तो उसने कहा कि उसने पैसे नहीं मांगे है। उसके साथ फ्रॉड हुआ है। जसबीर ने आरोप लगाया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसे झांसे में लेकर उससे 16 लाख रुपये हड़प लिए हैं। इस पर उसने इस बारे पोर्टल पर शिकायत दी। अब फतेहाबाद साइबर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कस्टमर को पता भी नहीं चला, खाते से सवा लाख उड़ाए

रेवाड़ी। बैंक कस्टमर को पता भी नहीं चला और उसके खाते से सवा लाख रुपये ट्रांसफर हो गए। थाना बावल पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दर्ज शिकायत में टांकड़ी निवासी मुकेश सिंह ने बताया कि उसका एसबीआई की रेवाड़ी शाखा में बैंक खाता है। गत 8 जनवरी को जब वह अपने बैंक खाते का बैलेंस चेक कर रहा था, तो उसके खाते से 1.25 लाख रुपये कम पाए गए। उसने कोई राशि कहीं भी यूज नहीं की थी। बैंक में संपर्क करने पर उसे बताया गया कि उसकी यह राशि दूसरे खाते में ट्रांसफर की गई है। मुकेश के पास इस दौरान कोई ओटीपी भी नहीं आया था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उस खाते का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिसमें यह राशि ट्रांसफर की गई है।




### हिसार के किसानों ने दिल्ली में उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

# कृषि के व्यापार में आगे आएं किसानों के बच्चे : धनखड़

- किसानों से गांव में भाईचारा बढ़ाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के निमंत्रण पर जिले के किसानों ने नए संसद भवन का भ्रमण किया और उपराष्ट्रपति से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति ने पिछले महीने 26 दिसंबर को हिसार स्थित आईसीएआर-केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के दौरे के समय वहां उपस्थित किसानों से मुलाकात की थी और उन्हें दिल्ली आकर नया संसद भवन देखने को आमंत्रित किया था। उपराष्ट्रपति ने अपने देसी अंदाज में किसानों से कहा था कि



महिला किसानों से मिलते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

दिल्ली आवो थारो घर सै। उपराष्ट्रपति के निमंत्रण पर शुक्रवार को केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी और वैज्ञानिक किसानों के साथ दिल्ली पहुंचे जहां उन्हें संसद भवन का गाइडेड टूर कराया गया। इसके बाद वे उपराष्ट्रपति निवास पर पहुंचे जहां किसानों का स्वागत सत्कार डॉ. सुदेश धनखड़ ने किया। इनमें गांवों के 40 किसान व 10 महिला किसान भी थीं। उपराष्ट्रपति ने किसानों से कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा व्यापार कृषि उत्पादन का है। उन्होंने कहा कि केवल खेती नहीं, बल्कि कृषि उत्पादों के व्यापार में भी किसानों को दिलचस्पी लेनी चाहिए। किसान की मंडी के अंदर दुकान भी होनी चाहिए और किसान के बच्चों को व्यापार में पड़ना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें ऐसा लगता है कि छोरा पढ़ लिखकर यह व्यापार क्यों करें? उसे तो नौकरी करनी चाहिए। व्यापार में बहुत दम है। यह संकल्प ले लेना चाहिए कि अपने बच्चे पढ़ लिख के और भी काम करें पर कृषि के उत्पादन से व्यापार जरूर करें। महिला किसानों से बात करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि छोरा-छोरी में कोई फर्क नहीं बचा है। जो थोड़ा एक फर्क है यह है कि छोरी थोड़ी ज्यादा आगे पहुंच गई है। धनखड़ ने किसानों से अपील की कि गांव में भाईचारा बढ़ाओ।

#### लोकगीत पर थिरके उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति निवास पर हरियाणा की उत्साही महिला किसानों ने स्वरचित लोकगीत गाया जिसके बोल थे-जगदीप धनखड़ ने फोन करया था जल्दी आइयो संसद में... आई मैं क्यूंकर आऊं, मेरा ससुरा रोज लड़े सै। उपराष्ट्रपति भी लोकगीत की धुन पर स्वयं को थिरकने से न रोक सके।

## टीसीएस व इंफोसिस के परिणाम से निवेशक उत्साहित

# आईटी शेयरों में बहार से नई ऊंचाई पर बाजार, सेंसेक्स 850 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों टीसीएस एवं इन्फोसिस के बेहतर तिमाही नतीजों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों में जमकर लिवाली होने से शुक्रवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 850 अंक की छलांग लगाकर अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती और प्रौद्योगिकी, रियल्टी एवं तेल खंडों में तगड़ी खरीदारी होने से भी घरेलू बाजार में निवेशक धारणा को बल मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 847.27 अंक यानी 1.18 प्रतिशत उछलकर 72,568.45 के नए शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 247.35 अंक चढ़कर 21,894.55 के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

### आईटी क्षेत्र में सुधार के संकेत

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'दिग्गज आईटी कंपनियों की अगुवाई में भारतीय बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र के लिए बेहतर दृष्टिकोण होने से आईटी क्षेत्र में सुधार के संकेतों ने निवेशकों की धारणा पर सकारात्मक असर डाला।'

### सेंसेक्स उछलकर 72,568.45 के नए शिखर पर हुआ बंद

### टीसीएस करीब चार फीसदी चढ़ा

बाजार में तेजी की अगुवाई आईटी दिग्गज इन्फोसिस ने की और करीब आठ प्रतिशत की जोरदार छलांग लगाई। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे बाजार की उम्मीदों से कहीं बेहतर रहने से इसके शेयरों को लेकर तगड़ा रुझान देखा गया। देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का भी शेयर तेजी के इस दौर में करीब चार प्रतिशत चढ़ गया।



### टेक महिंद्रा व विप्रो भी अच्छे बढ़े

इनके अलावा आईटी क्षेत्र की टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज एवं विप्रो के शेयर भी अच्छी बढ़त लेने में सफल रहे। बढ़त दर्ज करने वाले अन्य शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और लार्सन एंड टुब्रो भी शामिल थे।

### इन्फोसिस के शेयर में आठ प्रतिशत की तेजी

*सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस के शेयर में शुक्रवार को आठ प्रतिशत का उछाल आया। इसके साथ कंपनी का बाजार मूल्यांकन 48,652.73 करोड़ रुपए बढ़ गया। कंपनी का तीसरी तिमाही का परिणाम बाजार की उम्मीद के अनुरूप होने से शेयर चढ़ा है। कंपनी का शेयर बीएसई पर मजबूत शुरुआत के बाद 7.84 प्रतिशत चढ़कर 1,612.20 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।*

### बजाज फिनसर्व में रही तेजी

दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई का सूचना प्रौद्योगिकी सूचकांक 5.06 प्रतिशत उछला जो क्षेत्रवार सूचकांकों में सर्वाधिक है। प्रौद्योगिकी खंड में भी 4.40 प्रतिशत की तेजी आई।

### ब्रिटेन के नए आंकड़े से यूरोपीय बाजार में तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में खुदरा अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ और अपनी तेजी का सिलसिला जारी रखा। ब्रिटेन के नए आर्थिक आंकड़े आने के बाद यूरोपीय बाजार में बढ़त देखी गई। हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों में उछाल रही।'

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का सूचकांक निक्की बढ़त में रहा जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग निचले स्तर पर बंद हुए। यूरोपीय बाजार सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। अमेरिका में ज्यादातर बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### फर्स्ट सोलर ने तमिलनाडु संयंत्र पर किया निवेश

**नई दिल्ली।** अमेरिका की फर्स्ट सोलर ने तमिलनाडु में भारत का पहला एकीकृत सौर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने में 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। तमिलनाडु में स्थित इस संयंत्र का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया गया। इसकी वार्षिक क्षमता 3.3 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) है। कंपनी के बयान के अनुसार, यह भारतीय बाजार के लिए 'कंपनी की श्रृंखला 7' फोटोवोल्टिक (पीवी) सौर मॉड्यूल का उत्पादन करेगी।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**E-Tender Notice No. 98235874** **Dated: 11.01.2024**

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System **(www.ireps.gov.in)** for the supply of the below item.

| S.N. | Description | Qty. |
|---|---|---|
| 1. | ऑप्टिकल बायोमीटर (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 01 Nos. |
| 2. | दो साल की वारंटी की समाप्ति के बाद पहले वर्ष के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध शुल्क। | 01 Nos. |
| 3. | दो साल की वारंटी की समाप्ति के बाद दूसरे वर्ष के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध शुल्क। | 01 Nos. |
| 4. | दो साल की वारंटी की समाप्ति के बाद तीसरे वर्ष के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध शुल्क। | 01 Nos. |
| 5. | दो साल की वारंटी की समाप्ति के बाद चौथे वर्ष के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध शुल्क। | 01 Nos. |
| 6. | दो साल की वारंटी की समाप्ति के बाद 5वें वर्ष के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध शुल्क। | 01 Nos. |

**Tender Closing Date & Time :** 13.02.24 at 11:00 hrs.
**EMD : (Rs.) :** 52710

**Note: 1)** Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details.
**2)** No manual offer will be entertained. **143/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-2, आईएमटी बावल में सुविधाजनक शॉपिंग कॉम्पलैक्स के वैद्युतीकरण के अपग्रेडेशन हेतु कार्य। | 11.01.2024 31.01.2024 | 114.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242451254 se.electrical@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | आई.ई., पानीपत में मुख्य प्रवेश द्वार से मै. ग्रासिम के प्लॉट नं. 48-62 तक रोड की मरम्मत और पोटहोल्स को भरना। | 12.01.2024 22.01.2024 | 42.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8558829230 ie.panipat@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24177/I/88/6 दि. 12.01.24



**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 11/XEN/TS/SRS/2023-24 DATED 08.12.2023 ONLINE TENDER ID 2023_HBC_334807_1 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 19.01.2024 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई, खुलने की तिथि 08.12.2023 (16.00 बजे)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24164/I/88/6 दि. 12.01.24



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | पाड़ा मौहल्ला, रोहतक में पटवार खाना के निकट करण खन्ना के मकान से नीलम रानी के मकान तक राम जानकी मंदिर से दर्शन कुमार माणिक के मकान तक सीसी गली का निर्माण। | 10.01.2024 23.01.2024 | 8.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24158/I/88/6 दि. 12.01.24



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | एमसी कलानौर में नागरिक सुविधा केन्द्र का निर्माण। | 10.01.2024 22.01.2024 | 13.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 municipalcommitteekalanaur@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24149/I/88/6 दि. 12.01.24



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगर परिषद बहादुरगढ़ में अतिरिक्त कचरा स्थलों की चारदिवारी और कवर्ड शैड का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.01.2024 | 45.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416188946 mcbgarh2016@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24145/I/88/6 दि. 12.01.24



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | धर्मपाल सिंह वाली गली, वार्ड नं. 3, एम.सी. टोहाना में गली का निर्माण + 9 कार्य। | 09.01.2024 19.01.2024 | 95.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24144/I/88/6 दि. 12.01.24



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड | हरियाणा राज्य में एक बारगी खरीद हेतु पूर्णतया ऑटोमेटिक हेमेटोलॉजिकल एनालाइजर की खरीद के लिए आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के लिए निविदा आमंत्रण निविदा सूचना | बंद होने की तिथि 31.01.2024 | 7.50 लाख | www.hmscl.org.in https://etenders.hry.nic.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड | हरियाणा राज्य में एक बारगी खरीद हेतु आइस लाइंड रेफ्रिजरेटर (आईएलआरएस) की खरीद के लिए आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के लिए निविदा आमंत्रण निविदा सूचना | बंद होने की तिथि 31.01.2024 | 54.13 लाख | www.hmscl.org.in https://etenders.hry.nic.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड | हरियाणा राज्य में दो वर्ष के दर अनुबंध हेतु ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफाइब्रीलेटर की खरीद के लिए आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के लिए निविदा आमंत्रण निविदा सूचना। | बंद होने की तिथि 31.01.2024 | 101.30 लाख | www.hmscl.org.in https://etenders.hry.nic.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/24157/I/88/6 दि. 12.01.24


# प्रतियोगिता दर्पण का फरवरी अंक बाजार में उपलब्ध

**आगरा।** संघ व राज्य लोक सेवा आयोग एवं अन्य आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु प्रतियोगिता दर्पण का अत्यन्त महत्वपूर्ण 'फरवरी 2024' अंक आकर्षक, रंगीन कैलेण्डर के साथ आज बिक्री के लिए जारी किया गया। इस अवसर पर समूह के संपादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण इस अंक को सिविल सेवा परीक्षा के लिए विशेष अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण किया गया है। जैन ने बताया कि इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ-साथ अत्यन्त महत्वपूर्ण हल प्रश्न-पत्र जैसे उ.प्र. पी.सी.एस. (मुख्य), यूजीसी-नेट/जे.आर.एफ. आदि के साथ-साथ सिविल सेवा (प्रा.) परीक्षा, छत्तीसगढ़ पीएससी राज्य सेवा (प्रा.) एवं हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा के मॉडल हल दिये गये हैं जिनके अध्ययन से परीक्षार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। साथ ही युवा प्रतिभाओं के अन्तर्गत विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर्स से भेंटवार्ता द्वारा प्रतियोगियों को साक्षात्कार एवं परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अन्त में जैन ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण यह अंक परीक्षार्थियों में न केवल आत्मविश्वास जागरित करेगा अपितु परीक्षाओं में सफलता प्रदान कर कामयाबी के उच्च शिखर पर भी पहुंचाएगा।

## सोना 130 रुपए मजबूत, चांदी 300 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धतुओं की कीमतों में उछाल आने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 130 रुपये की तेजी के साथ 63,280 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबार में सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 76,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'विदेशी बाजारों से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 130 रुपये बढ़कर 63,280 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी।' इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में फरवरी अनुबंध के लिए सोने का भाव 541 रुपये बढ़कर 62,329 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

# चीन का निर्यात दिसंबर में 2.3 प्रतिशत बढ़ा

- दूसरे महीने निर्यात में थोड़ी वृद्धि हुई
- दिसंबर में निर्यात 303.6 अरब डॉलर हो गई

एजेंसी ▶▶| हांगकांग



चीन में दिसंबर में लगातार दूसरे महीने निर्यात में थोड़ी वृद्धि हुई, जो 2023 में असमान सुधार को रेखांकित करता है। सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में निर्यात सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत बढ़कर 303.6 अरब डॉलर हो गया।यह इस बात का संकेत है कि साल की शुरुआत में महीनों की गिरावट के बाद मांग बढ़ी। आयात भी दिसंबर 2023 में सालाना आधार पर 0.2 प्रतिशत बढ़कर 228.2 अरब डॉलर हो गया। नवंबर में इसमें 0.6 प्रतिशत की से अधिक गिरावट आई थी।चीन दिसंबर में कुल व्यापार अधिशेष 75.3 अरब डॉलर रहा, जो नवंबर के 68.3 अरब डॉलर से 10.1 प्रतिशत अधिक है। उप निदेशक वांग लिंगजुन ने शुक्रवार को एक सम्मेलन में कहा, ' निरंतर सुस्त बाहरी मांग अब भी निर्यात वृद्धि को रोकने का मुख्य कारक है।

### सेबी ने एआईएफ में निवेशकों को शामिल करने का नियम बदलाए

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में निवेशकों को शामिल करने के प्रावधानों में शुक्रवार को बदलाव किया। यह संशोधन धनशोधन निवारण (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005 में किए गए संशोधन को ध्यान में रखते हुए किया गया है। नया प्रारूप तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगा। एआईएफ मानकों के नियम 10 (ए) में निवेशकों को शामिल करने के मानदंड निर्धारित किए गए हैं।

## राशिफल



**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।



**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।



**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।



**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान



**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।



**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।



**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।



**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।



**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।



**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।



**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## टाटा मेटालिक्स को मूल कंपनी में विलय की मंजूरी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने टाटा मेटालिक्स लिमिटेड को उसकी मूल कंपनी टाटा स्टील में विलय की मंजूरी दे दी है। इससे अनुषंगी कंपनी के वित्तीय परिणामों की घोषणा से पहले निदेशक मंडल की बैठक रद्द कर दी गई है। टाटा मेटालिक्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी के वित्तीय नतीजे घोषित करने के लिए 12 जनवरी को होने वाली निदेशक मंडल की बैठक रद्द कर दी गई है।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### एचडीएफसी एएमसी का मुनाफा 32 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एचडीएफसी एएमसी) का दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 488 करोड़ रुपये रहा है।


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Indu Bala**
Additional Civil Judge (Senior Division),
**Suresh**
**Vs.**
**Takdir Singh**
CNR No. HRJR02-001122-2022
Next Date : 16.04.2024
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Takdir Singh**
**Father:-Surender Singh**
**R/o Village Majra, Dubladhan, Tehsil Beri District Jhajjar**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **16.04.2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
**Sd/- Indu Bala**
**Additional Civil Judge (Senior Division) Jhajjar**
Dated, this day of 10.01.2024



**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**In The Court of Sh. Puneet Limbha, Civil Judge (Junior Division), Ganaur**
UCO Bank
**Vs.**
Dhan Singh
**CNR No. HRSOA0-000315-2023**
**Next Date : 09.02.2024**
**RECOVERY SUIT**
**PUBLICATION ISSUED TO :**
Dhan Singh
Father :- Maha Singh
House No. 74, Ward No. 3, Anoop Nagar, Tehsil Ganaur, Distt. Sonipat
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 09.02.2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
**Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur**
Dated, this day of 10.01.2024




**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Indu Bala**
Additional Civil Judge (Senior Division),
**M/s Tri Logistics Park Silani Pvt. Ltd. Through Vikas Chahar S/o Ranbir Singh Chahar**
**Vs.**
**Sukhlal S/o Bhagwan Singh S/o Sarupa**
CNR No. HRJR02-001557-2023
Next Date : 29.01.2024
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Suklal S/o Bhagwan Singh S/o Sarupa :-**
**Village Silani Kesho Tehsil and District Jhajjar**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **29.01.2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
**Sd/- Indu Bala**
**Additional Civil Judge (Senior Division) Jhajjar**
Dated, this day of 10.01.2024



**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**In The Court of Sh. Vinay Sharma Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar**
***Next Date, Purpose of case, Order and Judgments as well as other case information is available on http://ecourts.gov.in***
Jai Bhagwan
**Vs.**
Ram Kuwar
**CNR No. HRJR02-000581-2015**
**Next Date : 22.01.2024**
**PUBLICATION ISSUED TO :**
3 Naresh S/o Harphool
4 Rohtash S/o Harphool
7 Ramrati D/o Harphool
8 Ramesh S/o Mehar Singh
25 Jagdish S/o Barhma
26 Smt. Vedo D/o Barhma
27 Smt. Rajwanti Ds/o Brahma
34 Smt. Roshni D/o Sukhdev
35 Prem Ds/o Sukhdev
38 Smt. Santosh D/o Ranbir
43 Smt. Kiran D/o Bhim Singh
45 Rampartap S/o Ram Chander S/o Harlal All resident of village Sekhupur Jat Distt Jhajjar
Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s)/ respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/ them and should appear personally or through their counsel on 22-01-2024 at 10:00 a.m.
Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence according to law.
Given under my hand and the seal of the Court, this 10-01-2024.
**Sd/- (Vinay Sharma), Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar**


## शब्द पहेली - 5393



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5392 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5403

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 5402 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## खबर संक्षेप

### हनुमा ने छोड़ी रणजी में आंध्र की कप्तानी



**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ी हनुमा विहारी मौजूदा रणजी ट्राफी में आंध्र टीम की अगुआई नहीं करेंगे क्योंकि गुरुवार को वह कप्तानी से हट गए। शुक्रवार को आंध्र के ग्रुप बी मैच में मुंबई के खिलाफ रिकी भुई टीम की अगुआई कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार विहारी का यह निजी फैसला थी और वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान लगाना चाहते थे। विहारी ने बंगाल के खिलाफ ड्रा रहे पहले मैच में 51 रन बनाए थे। विहारी ने 16 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है जिसमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक से 33.56 के औसत से 839 रन बनाए हैं।

### सेंटनर पहले टी20 मैच से बाहर

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाए। यह 31 साल का खिलाड़ी शुक्रवार सुबह जांच में वायरस से संक्रमित पाया गया।

## मलेशिया ओपन : लगातार दूसरे सेमीफाइनल में बनाई जगह

# सात्विक-चिराग की जोड़ी अंतिम-4 में पहुंची, अश्विनी और तनीषा बाहर

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर



विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुभवी भारतीय जोड़ी शुक्रवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में चीन के रेन जियांग यू और हे जी टिंग की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे सेमीफाइनल में पहुंची। पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने मैच के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण दिखाते हुए विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज यू और टिंग की जोड़ी को महज 35 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-11, 21-8 से पराजित किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए कोरिया के कांग मिन ह्युक तथा सियो सेउंग जे और मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया तथा सोह वूई यिक की जोड़ी के विजेता से भिड़ना होगा। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा तथा नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गयी।

### तेज रैली से जीता मैच

सात्विक और चिराग के लिए बीता साल (2023) छह खिताबों के साथ शानदार रहा था उन्होंने उस लय को इस टूर्नामेंट में जारी रखा है। चीन की इस जोड़ी ने पिछले साल चाइना मास्टर्स में भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन सात्विक और चिराग की तेज रैली का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

**सेट 1**

भारतीयों ने अपने नियंत्रण और खेल से चीन की जोड़ी को संभालने का कोई मौका नहीं दिया और शुरुआती गेम में 7-0 की बड़ी बढ़त बना ली। ब्रेक के समय सात्विक और चिराग 11-2 से आगे थे और पहला गेम जल्दी ही ख़त्म कर दिया। ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी 11-2 से आगे थी। ब्रेक के बाद चीन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश लेकिन चिराग और सात्विक के सामने उनकी एक ना चली।

**सेट 2**

भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी अपनी गति जारी रखी और ब्रेक तक 11-4 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी को 2 मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने दूसरे मौके पर ही इसे भुनाकर अंतिम चार में जगह पक्की की।

## ओलंपिक क्वालीफायर

# हॉकीः भारत का पहला मैच आज, अमेरिका देगा चुनौती



**रांची।** एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने की निराशा से उबरते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। टीम की नजरें अपने मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए पेरिस का टिकट कटाने पर लगी होंगी। मेजबान भारत, जर्मनी, चेक गणराज्य, इटली, जापान, अमेरिका, चिली और न्यूजीलैंड यहां पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे । दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को सर्वोच्च रैंकिंग मिली है जबकि भारत छठे स्थान पर है।न्यूजीलैंड रैंकिंग में नौवे स्थान पर है जबकि जापान 11वें, चिली 14वें, अमेरिका 15वें, इटली 19वें और चेक गणराज्य 25वें स्थान पर है।

### ग्रुपवार टीमें

**पूल ए :** जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य

**पूल बी :** भारत, न्यूजीलैंड, इटली, अमेरिका

### न्यूजीलैंड से मैच कल

अमेरिका के बाद भारत को 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है। सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

### 15 मैच मैच में 9 हारे

भारत और अमेरिका ने 1983 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ 15 बार खेला है जिसमें से नौ बार अमेरिका ने जीत दर्ज की जबकि भारत चार ही बार जीत सका और दो मैच ड्रॉ रहे। रैंकिंग में नीचे होने के बावजूद अमेरिकी टीम खतरनाक साबित हो सकती है।



# एशियन गेम्स मेडलिस्ट शिवांश ने जीता 80 किलो भारवर्ग में स्वर्ण

■ ऑल इंडिया इंटर ताइक्वांडो चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/झुंझुनू

श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप के तीसरे दिन छह भारवर्गों में मुकाबले हुए। एशियन गेम्स के मेडलिस्ट शिवांश त्यागी ने 80 किलोग्राम भारवर्ग में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सचिन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। शुक्रवार को महिला व पुरूष श्रेणी में छह भारवर्ग में मुकाबले हुए। खेल आयोजन सचिव डॉ अरुण कुमार ने बताया कि 80 किलोग्राम भारवर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी एशियन गेम्स मेडलिस्ट शिवांश त्यागी ने स्वर्ण पदक, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सचिन ने रजत पदक, एमएसजीयू बीकानेर के भानु प्रताप पुनिया व एसआरटीएमयू नांदेड़ ने कांस्य पदक जीता। इस भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले शिवांश त्यागी ने अपने पहले मुकाबले में एलपीयू फगवाड़ा के निहाल को, दूसरे मुकाबले में यूनिवर्सिटी ऑफ मुम्बई के आकाश जाधव को, तीसरे मुकाबले में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के अभिषेक को, चौथे मुकाबले में एमएसजीयू बीकानेर के भानु प्रताप पुनिया को हराकर फाइनल में प्रवेश किया और फाइनल में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सचिन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। 87 किलोग्राम भारवर्ग में एमडीयू रोहतक के दुष्यंत ने स्वर्ण पदक व श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू के रोबिन ने रजत पदक जीता। महिला श्रेणी के 73 किलोग्राम से कम भारवर्ग में एमडीयू रोहतक की ज्योति यादव ने स्वर्ण पदक, श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू की प्रांजल माली ने रजत पदक, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की अक्षिता बिष्ट व केबीसीएनएमयू यूनिवर्सिटी जलगांव की जगताप प्रेरणा ने कांस्य पदक जीता। 73 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में एसएनडीटी यूनिवर्सिटी मुम्बई की नम्रता तायड़े ने स्वर्ण पदक, एमडीयू रोहतक की अनीता ने रजत पदक, सम्बलपुर यूनिवर्सिटी की प्रियदर्शिनी व एसयू यूनिवर्सिटी कोल्हापुर की राठौड़ रेशमा रूपीसंग ने कांस्य पदक जीता। पुनसे टीम इवेंट में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली ने रजत पदक, सनराइज यूनिवर्सिटी अलवर व सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जयपुर ने कांस्य पदक जीता।

# श्योराण को ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण, तोमर ने जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| जकार्ता



भारतीय निशानेबाजों अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में शुक्रवार को क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

श्योराण ने 460.2 स्कोर करके आठ निशानेबाजों का फाइनल जीता। वहीं टोक्यो ओलंपिक खेल चुके तोमर 459.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। थाईलैंड के टी वोंगसुकदी ने कांस्य पदक मिला। श्योराण, तोमर और स्वप्निल कुसाले ने मिलकर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने 1758 अंक हासिल किए। चीन 18 अंक पीछे दूसरे ओर दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में तोमर 588 अंक लेकर तीसरे और श्योराण 586 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। भारत के अब दस स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक हो गए हैं।

## अवनि को आस्ट्रेलियन गोल्फ में दूसरा स्थान



**मेलबर्न।** भारत की अवनि प्रशांत आस्ट्रेलियाई मास्टर्स आफ अमैच्योर्स गोल्फ चैंपियनशिप के चौथे और आखिरी दौर में तीन अंडर 70 के कार्ड के साथ दूसरे स्थान पर रही। फिलीपींस की रियाने मिखाएला मालिक्सी उनसे एक शॉट आगे रही। अवनि ने कुल छह अंडर 286 स्कोर किया जबकि मालिक्सी का स्कोर सात अंडर 285 रहा। जापान की निका इतो तीसरे और आस्ट्रेलिया की लियोन हिगो चौथे स्थान पर रही। अवनि पिछले साल इसी टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रही थी।

## शरत और साथियान पेश करेंगे चुनौती



**मापुसा।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल और साथियान ज्ञानशेखरन देश के 39 अन्य टेनिस खिलाड़ियों के साथ आगामी डब्लूटीटी स्टार कंटेंडर के एकल क्वालीफायर में चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र 23 से 28 जनवरी तक यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत की शीर्ष विश्व रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा और हरमीत देसाई सहित देश के नौ खिलाड़ियों को सीधे मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला है। क्वालीफाइंग दौर में भारत के 32 खिलाड़ियों को जगह मिली है जिससे कुल खिलाड़ियों की संख्या 41 हो गई है जो पिछले साल से एक अधिक है।

## हेलिकॉप्टर से एससीजी पर उतरे डेविड वॉर्नर



**सिडनी।** टेस्ट क्रिकेट से डेविड वॉर्नर के संन्यास का जश्न जारी है और यह आक्रामक बल्लेबाज बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिए मैच खेलने हेलिकॉप्टर से एससीजी पर उतरे। हंटर वैली में अपने भाई की शादी से वॉर्नर सीधे हेलिकॉप्टर से आए जिस पर 'थैंक्स डेव' लिखा था। थंडर के तेज गेंदबाज गुरिंदर संधू ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, 'वह हमारे लिए खेलने के लिए काफी मेहनत कर रहा है।' वॉर्नर ने पिछले सप्ताह अपने घरेलू मैदान एससीजी पर आखिरी टेस्ट खेला जिसमें आस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की।



पुलिस विभाग — जिला यमुनानगर

**गुमशुदा लड़की की तलाश हेतु अपील**

**मुकदमा नंबर-16 दिनांक-11.01.2024 U/S 346 IPC गांधी नगर**

आमजन से यह अपील की जाती है कि फोटो में दिख रही लड़की का नाम नर्गिस D/O अमिरूदीन वासी गांधी नगर है। जिसकी उम्र करीब 19 साल है। यह लड़की 10 जनवरी को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है जो अभी तक वापस नहीं आयी। जिस पर मुकदमा नंबर-16 दिनांक- 11.01.2024 U/S 346 IPC थाना गांधी नगर में दर्ज है। इस गुमशुदा लड़की के बारे में किसी को कोई पहचान या जानकारी या किसी ने इस लड़की को कहीं देखा है तो तुरंत थाना प्रबंधक थाना गांधी नगर के मोबाइल नंबर-8818000142 या थाना गांधी नगर के लैंडलाइन नंबर- 01732237628 या कंट्रोल रूप नंबर 01732231305 पर संपर्क करें। इस लड़की का पता बताने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

**गुमशुदा का नाम/ हुलियाः-** नाम नर्गिस उम्र 19 साल, कद 5 फुट, 2 ईंच रंग गोरा, पतला शरीर है। जिसने नीले रंग की जींस व बैंगनी रंग की जेकेट डाली हुई है। गुमशुदा लड़की की फोटो साथ है।





(चमकौर सिंह, PRO)
कृते/-पुलिस अधीक्षक,
यमुनानगर

पीआरडीएच-1084/11/2060/2024/24174/88/6 दि. 12.01.24


# आस्ट्रेलिया से होगा भारत का पहला फुटबॉल मैच

■ एशियन कप : भारतीय टीम 2011 और 2019 में ग्रुप चरण में हो गई थी बाहर

एजेंसी ▶▶| अल रेयान



भारत के लिए एएफसी एशियाई कप के नॉकआउट दौर में जगह बनाना मुश्किल लग रहा है लेकिन असंभव नहीं है और टीम यहां शुरुआती ग्रुप मैच में खिताब की दावेदारों में शुमार आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारतीय टीम पिछली दो बार 2011 और 2019 में भी ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। इस बार भी उसके सामने कठिन चुनौती होगी क्योंकि उसे ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया के साथ रखा गया है।

भारत की इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के राउंड 16 में जगह बनाने की उम्मीद 23 जनवरी को सीरिया के खिलाफ मैच पर निर्भर करेगी क्योंकि आस्ट्रेलिया और उज्बेकिस्तान (18 जनवरी) कौशल के मामले से उससे काफी ऊपर हैं। सीरिया के खिलाफ जीत भारत को ग्रुप में तीसरे स्थान पर पहुंचा सकती है जिससे उसके पास नॉकआउट दौर में जगह बनाने का मौका बन सकता है क्योंकि प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें अगले दौर में पहुंचेंगी और साथ ही छह ग्रुप में से सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम भी राउंड 16 नॉकआउट दौर में जगह बनायेंगी। मुख्य कोच इगोर स्टिमक और कप्तान सुनील छेत्री पहले ही संकेत दे चुके हैं कि आस्ट्रेलिया (25वीं रैंकिंग) और उज्बेकिस्तान (68वीं रैंकिंग) को हराना मुश्किल है, ये दोनों ग्रुप में शीर्ष दो स्थान हासिल करने की दावेदार हैं।

### नॉकआउट में जगह बनाना बड़ी उपलब्धि

भारत ने 2007 और 2009 नेहरू कप टूर्नामेंट में सीरिया को हराया हुआ है जिससे छेत्री की अगुआई वाली 102वीं रैंकिंग टीम को उम्मीद की किरण दिखती है। अगर भारत नॉकआउट में जगह बना लेता है तो यह देश के लिए और छेत्री के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी जो अंतिम दफा इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। पांचवीं बार एशियाई कप में खेल रहा भारत 2019 में पिछले चरण में ऐसा करने के काफी करीब पहुंच गया था। छेत्री का यह तीसरा एशियाई कप है। 39 वर्ष का यह करिश्माई स्ट्राइकर 2011 और 2019 में इस टूर्नामेंट में खेला था और उन्होंने छह मैच में चार गोल दागे थे जो किसी भारतीय के इसमें सर्वाधिक गोल थे।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फतेहाबाद | जल्लोपुर - गांव जल्लोपुर, ब्लॉक नागपुर, जिला फतेहाबाद में (जल्लोपुर बस स्टैंड (प्रवेश स्थल) पर खाड खाडा का निर्माण) + 8 कार्य। | 10.01.2024 19.01.2024 | 52.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न गांवों में मौजूदा इलैक्ट्रिक पोल पर एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | 10.01.2024 31.01.2024 | 164 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित 55 मी. (वर्किंग हाईट) के टर्न टेबल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यू लैडर सहित 70 मीटर हाईट के एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यू लैडर सहित 55 मीटर हाईट के एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यू लैडर सहित 42 मीटर हाईट के एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | 151 स्पलिट एयर कंडीशनर की खरीद हेतु निविदा। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित 90 मीटर हाईट के एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 12.01.2024 29.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव रावलधी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (जैडपी) में एससी (धानक) चौपाल का पुनरोद्धार (डी-प्लान) + 2 कार्य। | 09.01.2024 16.01.2024 | 10.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव साहुवास, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (जैडपी) में बस क्यू शैल्टर का निर्माण + 4 कार्य। | 09.01.2024 16.01.2024 | 31.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, गोहाना में नांदल पम्प हाउस के लिए बाढ़ सुरक्षा कार्यों हेतु नये पम्प की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 10 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 30.01.2024 | 934.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रेवाड़ी | पम्प हाउस जेएफ-1 पर 2 अदद 125 सीएस पम्प (पी-10 और पी-14) की मरम्मत + 1 अन्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | ईएमडी 7000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1274298963 xenmech@yahoo.com |
| 13 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | 8. कथुरा ब्लॉक (ब्लॉक समिति) के सभी गांवों हेतु ओपन जिम उपकरण के प्रावधान व फिक्सिंग हेतु आकलन + 3 कार्य। | 10.01.2024 22.01.2024 | 46.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव मुंडलाना में प्रफुल्ल चक्की से अनाज मंडी तक नाला का निर्माण + 8 कार्य। | 11.01.2024 19.01.2024 | 79.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 Kram8175@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज पंचकूला | गांव नानकपुर में जसबीर के मकान से मंदीप के मकान तक / मेन रोड की तरफ द्रव कचरे हेतु ड्रेन / भूमिगत पाइप लाइन का निर्माण, गांव रामनगर में चारदिवारी और आर/वॉल का निर्माण, गांव रामनगर में खेल के मैदान की पेयजल टंकी का निर्माण और गांव शाहपुर ग्राम पंचायत शाहपुर, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में द्रव कचरे / ग्रे वाटर हेतु आरसीसी ह्यूम पाइप लाइन को बिछाना + 3 कार्य। | 09.01.2024 16.01.2024 | 37.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज ढांड, कैथल | गांव रावणहेरा में सामान्य (ब्रह्मानंद चौपाल) में हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 10.01.2024 17.01.2024 | 21.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416043370 sdoprdhand@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/320/24178/I/88/6 दि. 12.01.24

## चिंतन

# विकासशील से विकसित की ओर बढ़ा एक और कदम

विकासशील से विकसित होने के सफर पर भारत ने एक कदम और बढ़ा दिया है। हालांकि रास्ता बहुत लंबा है, लेकिन विकसित होने की सबसे पहली और जरूरी शर्त है मजबूत और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आधारभूत ढांचा, भारत बहुत तेजी से इस पर कदम दर कदम बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन करना इसी की एक कड़ी है। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। इससे दो घंटे का सफर 20 मिनट में पूरा होगा। पुल की कुल लागत 17 हजार 843 करोड़ रुपये है। 21.8 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन वाले ब्रिज को मुंबई ट्रांस हार्बर सी-लिंक भी कहा जाता है। पुल के उपयोग से हर साल एक करोड़ लीटर ईंधन की बचत होने का अनुमान है। सड़कें कामकाज के अभिन्न अंग हैं। इससे लोगों और सामानों की पहुंच आसान हुई है। भारतीय सड़क नेटवर्क में तेजी से विस्तार और बदलाव हो रहा है और भारत दुनिया में सबसे अच्छे मानकों तक पहुंचने के लिए लगातार ट्रैक पर है। आज भी देश में करीब 60 प्रतिशत ढुलाई का कार्य सड़क और राजमार्ग प्रणाली के माध्यम से होता है। राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के बढ़ते जाल द्वारा प्रदान की गई बेहतर गतिशीलता से बदलाव की अगुवाई करने और रसद लागत जो कभी 16-18 प्रतिशत थी जो घटकर 10 प्रतिशत के आसपास हो गई है। हालांकि विकसित देशों में यह आठ प्रतिशत के आसपास है। 6 से 8 प्रतिशत की बचत का मतलब है कि हम अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। जिससे हम अपने निर्यात को बढ़ाने सकते हैं और साथ ही इस लागत को कम कर सकते हैं। देश में सड़कों के विकास का इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि देश में प्रतिदिन 60 किलोमीटर सड़क निर्माण हो रहा है। सरकार 2025 तक 2 लाख किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विकास के लिए काम कर रही है। यह एक बड़ी बात है। सरकार का ध्यान प्रमुख औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों के निर्माण तक ही सीमित नहीं रहा है। सरकार का लक्ष्य हर मेट्रो, कस्बे और गांव को एक मजबूत सड़क संपर्क प्रणाली के माध्यम से जोड़ना है, लेकिन केवल इतने से ही हम विकासशील से विकासित नहीं होने वाले। विकास के साथ सामाजिक कल्याण को फोकस में रखना जरूरी है। सबको सम्मानजनक जीवन देना, हर सक्षम को रोजगार देना और हर नवजात को अच्छा भविष्य देना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। सरकार को सामाजिक समरसता की नीति के साथ आर्थिक सुधारों पर फोकस करना होगा। श्रम सुधारों का लक्ष्य केवल प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि विकास के अवसर पैदा करना भी होना चाहिए। उच्च शिक्षा ऐसी हो, जिससे कौशल विकास हो। इसी तरह वित्तीय समावेशन में लैंगिक समानता दिखनी चाहिए। विकसित होने के लिए शिक्षा, स्वास्थ, तेज अर्थव्यवस्था पर ओर अधिक काम करना होगा और इससे भी जरूरी विरासत पर गर्व करना सबसे अहम है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने इस पर जोर दिया है। गुलामी की मानसिकता से बाहर आने का प्रण भी विकास के लिए आवश्यक है। हमें पश्चिम का अंधानुकरण नहीं करना चाहिए। भारत को अपनी राह बनानी होगी और हमने इसकी शुरुआत कर दी है। हमें भारतीयों की समृद्धि के लिए किए गए फैसलों पर पश्चिम की मुहर का इंतजार नहीं करना चाहिए।

# शीर्ष न्यायालय के फैसले के मायने



**हिंडेनबर्ग**
अवधेश कुमार

> न्यायालय के फैसले को आधार बनाएं तो हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भारत और भारतीयों के संपर्क से पूरी दुनिया में जो बवंडर खड़ा हुआ, शेयर मार्केट से लेकर स्वयं गौतम अडानी की कंपनियों को जो नुकसान पहुंचा तथा नरेंद्र मोदी सरकार को लेकर पैदा हुआ संदेह सभी तत्काल निराधार साबित हुए हैं। न्यायालय ने यह कहते हुए याचिकाओं को निरस्त कर दिया कि हिंडेनबर्ग के आरोपों की जांच के लिए सीट या विशेष जांच दल गठित करने यानी किसी दूसरी एजेंसी को सौंपने की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से बार-बार सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया यानी सेबी की जांच को प्रश्नों के घेरे में लाने को भी न्यायालय ने सही नहीं माना तथा उसकी जांच से संतुष्टि व्यक्त की।

अडानी हिंडेनबर्ग मामले में उच्चतम न्यायालय न्यायालय के फैसले का पहला विवेकशील निष्कर्ष यह है कि सरकार के विरुद्ध किसी मुद्दे को उठाने और उसे बड़ा बनाने के पहले उस पर पर्याप्त शोध और सोच-विचार किया जाना चाहिए। न्यायालय के फैसले को आधार बनाएं तो हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भारत और भारतीयों के संपर्क से पूरी दुनिया में जो बवंडर खड़ा हुआ, शेयर मार्केट से लेकर स्वयं गौतम अडानी की कंपनियों को जो नुकसान पहुंचा तथा नरेंद्र मोदी सरकार को लेकर पैदा हुआ संदेह सभी तत्काल निराधार साबित हुए हैं। न्यायालय ने यह कहते हुए सभी याचिकाओं को निरस्त कर दिया कि हिंडेनबर्ग के आरोपों की जांच के लिए सीट या विशेष जांच दल गठित करने यानी किसी दूसरी एजेंसी को सौंपने की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से बार-बार सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया यानी सेबी की जांच को प्रश्नों के घेरे में लाने को भी न्यायालय ने सही नहीं माना तथा उसकी जांच से संतुष्टि व्यक्त की। सेबी अब तक 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर चुकी है।

सही है कि शीर्ष न्यायालय ने सेबी और भारत सरकार से कहा है कि निवेशकों की रक्षा के लिए तत्काल उपाय करें, कानून को सख्त करें तथा जरूरत के मुताबिक सुधार भी। यह भी कहा कि सुनिश्चित करें कि फिर निवेशक इस तरह की अस्थिरता का शिकार नहीं हों जैसा कि हिडेनबर्ग रिपोर्ट जारी होने के बाद देखा गया था। ध्यान रखिए कि न्यायालय द्वारा न्यायमूर्ति सप्रे की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञों की समिति की रिपोर्ट पर भी विचार किया गया। इस समिति ने भी शेयर निवेश की सुरक्षा से संबंधित सुझाव दिए हैं। न्यायालय ने उसे शामिल करने को कहा है। वास्तव में फैसले का यह पहलू स्वाभाविक है क्योंकि हिडेनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के शेयरों में जिस ढंग से गिरावट आई उससे पूरा भूचाल पैदा हो गया था। आगे ऐसा ना हो इसका सुरक्षा उपाय करना आवश्यक है और इसी ओर न्यायालय ने ध्यान दिलाया है। इसमें कोई अगर किसी भी तरह हिंडेनबर्ग रिपोर्ट में थोड़ी सच्चाई देखता है तो उसकी समझ पर प्रश्न खड़ा होगा। न्यायालय के फैसले से साफ हो गया है कि गौतम अडानी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोप निराधार ही थे। भारत की राजनीति और एक्टिविज्म की दुनिया में कीचड़ उछालना पुराना शगल है इसलिए पहले सेबी और फिर लोग न्यायालय को भी कटघरे में खड़ा करने का अभियान चलाने को बेचैन रहते हैं।

यह स्थिति चिंताजनक है। अगर उच्चतम न्यायालय को हिडेनबर्ग रिपोर्ट में थोड़ी भी सच्चाई दिखती तो उसके आदेश में यही लिखा होता कि आगे कोई भी कंपनी किसी तरह अपने प्रभाव का लाभ न उठा पाए इसके लिए सुरक्षा उपाय करें। उसने ऐसा नहीं कहा है। उसका कहना इतना ही है कि अगर कहीं से फिर ऐसी रिपोर्ट आ गई तब शेयर मार्केट में निवेशकों को कैसे सुरक्षित रखा जाए इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने यह



भी कहा है कि केंद्र सरकार की जांच एजेंसी के रूप में सेबी जांच करें कि क्या हिंडनबर्ग रिसर्च और किसी अन्य संस्था की वजह से निवेशकों को हुए नुकसान में कानून का कोई उल्लंघन हुआ है? यदि हुआ है तो उचित कार्रवाई की जाए। याचिकाकर्ताओं ने कई नियमों में खामियों की बात उठाई थी जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि संशोधन से नियम सख्त हुए हैं। खोजी जर्नलिस्ट संगठन की रिपोर्ट को भी खारिज किया गया और कहा कि यह सेबी की जांच पर सवाल उठाने के लिए मजबूत आधार नहीं है, इन्हें इनपुट के रूप में नहीं माना जा सकता है। जरा पीछे लौटिए और याद करिए कि पिछले वर्ष 24 जनवरी को अडानी समूह पर हिंडेनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद क्या स्थिति पैदा हुई थी? तब समूह का मार्केट कैप 19.2 लाख करोड़ था। इस रिपोर्ट के बाद उसकी 9 कंपनियों का वैल्यूएशन 150 अरब डालर तक घट गया था। धीरे-धीरे उसकी भरपाई हो रही है किंतु अभी भी वह उसे समय से 31% नीचे है। यद्यपि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद तेजी से अडानी समूह के शेयर भाव उछले एवं उसी अनुसार सूचकांक भी। बावजूद उस क्षति की भरपाई एक बड़ी चुनौती है। प्रश्न है कि इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाए? करोड़ों निवेशकों का धन डुबाने के लिए कौन दोषी है? सबसे बड़ी बात कि इससे भारत की छवि पूरी दुनिया में बिगड़ी, उसकी भरपाई कौन करेगा? हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को आधार बनाकर दुष्प्रचार यही हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं और उनकी सरकार एक उद्योगपति कारोबारी के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तैयार है। उन्हें सरकार का राजनीतिक संरक्षण और सहयोग प्राप्त है जिनकी बदौलत ही यह कंपनी आगे बढ़ी है अन्यथा इसकी अपनी क्षमता ऐसी नहीं है। यह सरकार और पूंजीपति के बीच शर्मनाक दुरभिसंधि का आरोप था। यह आरोप सच होता तो क्रॉनी केपीटलिज्म का इससे बड़ा उदाहरण कुछ नहीं हो सकता। विश्व भर में निवेशकों और कारोबारियों के बीच यह छवि बन जाती कि वाकई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ही उद्योगपति और कारोबारी के हितों में नियम बनवाते हैं, उसे सत्ता का संरक्षण प्रदान करते हैं और इसी बदौलत समूह देश और दुनिया में अवैध तरीके से वित्तीय शक्ति का विस्तार कर रहा है तो फिर वे भारत से मुंह मोड़ लेते। इसका संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था और आर्थिक रूप से महाशक्ति बनने के लक्ष्य पर क्या प्रभाव पड़ता इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। वास्तव में हिंडेनबर्ग रिपोर्ट एक कंपनी पर अवश्य था किंतु इससे पूरी भारत सरकार और देश की नियति नत्थी हो गई थी। हिंडेनबर्ग ने मुख्यतः यही कहा था कि अडानी समूह की वित्तीय हैसियत इतनी बड़ी है नहीं जितनी वह अंकेक्षण में दिखलाती है, वह अपना मूल्यांकन जानबूझकर ज्यादा करवाती है जिससे उसके शेयर भाव बढ़े रहते हैं तथा टैक्स हैवन देशों में शैल कंपनियां बनाकर वह गलत निवेश करती है और इन सबमें उसे सत्ता का पूरा सहयोग और संरक्षण है। कोई कंपनी प्रधानमंत्री के वरदहस्त से काली कमाई करती हो इससे खतरनाक आरोप और क्या हो सकता है। साफ है कि जहां हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के पीछे केवल एक कंपनी की वित्तीय स्थिति को सामने लाना नहीं था बल्कि निशाने पर नरेंद्र मोदी सरकार और उसके माध्यम से पूरा भारत था। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि 2024 से 29 के बीच भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा और 2047 तक भारत को विश्व की पहली श्रेणी का देश बनाना है तो निश्चय ही इससे अनेक देशों संगठनों, नेताओं, यहां तक की भारत के भी कुछ लोगों और समूहों के कलेजे पर सांप लोट रहा होगा। उच्चतम न्यायालय ने ऐसे लोगों की नापाक कोशिशों पर लगाम लगा दी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सबके राम
प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



# श्रीराम के अदभुत अर्चक फ़ादर कामिल बुल्के

बेल्जियम में जन्मे फ़ादर कामिल बुल्के की जग-विख्यात विशेषता यह है कि वे रामकथा के मर्मज्ञ, हिंदी के विद्वान और विलायत में जन्मे भारतीय थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बंगला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे, जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेज़ी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक सन्दर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोध ग्रन्थ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रन्थ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। उन्होंने अपनी मातृभूमि बेल्जियम में फ्रेंच के विरुद्ध फ्लेमिश भाषा की लड़ाई देखी और लडी थी। एक बार उन्होंने लिखा था, अगर वह हिंदी की सेवा में नहीं लगते तो अपने देश में फ्लेमिश क्रांतिकारी होते। उन्होंने रामकथा उत्पत्ति और विकास' ग्रंथ की रचना में कितना परिश्रम किया होगा, यह पुस्तक के अध्ययन से ही समझ में आ सकता है। रामकथा से संबंध रखने वाली किसी भी सामग्री को उन्होंने छोड़ा नहीं है। प्रथम भाग में 'प्राचीन रामकथा साहित्य' का विवेचन है, जिसके पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, वाल्मीकिकृत रामायण, महाभारत की रामकथा, बौद्ध रामकथा और जैन रामकथा संबंधी सामग्री की पूर्ण समीक्षा की गई है। द्वितीय भाग में रामकथा की उत्पत्ति है तो इसके चार अध्यायों में दशरथ जातक की समस्या, रामकथा के मूल स्त्रोत के संबंध में विद्वानों के मत, प्रचलित वाल्मीकीय रामायण के मुख्य प्रक्षेपों और रामकथा के प्रारंभिक विकास पर चिंतन किया गया है। ग्रंथ के तृतीय भाग में 'अर्वाचीन रामकथा साहित्य का सिंहावलोकन' है। इसमें भी चार अध्याय हैं। पहले और दूसरे अध्याय में संस्कृत के धार्मिक तथा ललित साहित्य में पाई जाने वाली रामकथा सम्बन्धी सामग्री की परीक्षा है। तीसरे अध्याय में आधुनिक भारतीय भाषाओं के रामकथा संबंधी साहित्य का विवेचन है। चौथे अध्याय में विदेश में पाये जाने वाले रामकथा के रूप में सार दिया गया है, जिसमें तिब्बत, खोतान, हिंदेशिया, हिंदचीन, श्याम, ब्रह्मदेश आदि में उपलब्ध सामग्री का पूर्ण परिचय एक ही स्थान पर मिल जाता है। अंतिम और चतुर्थ भाग में रामकथा संबंधी एक-एक घटना को लेकर उसका पृथक-पृथक विकास दिखलाया गया है। घटनाएं कालक्रम से ली गई हैं। उपसंहार में रामकथा की व्यापकता, विभिन्न रामकथाओं की मौलिक एकता, प्रक्षिप्त सामग्री की सामान्य विशेषताएं, विविध प्रभाव तथा विकास का सिंहावलोकन है। यह ग्रंथ वास्तव में रामकथा संबंधी समस्त सामग्री का विश्वकोष कहा जा सकता है। वास्तव में यह खोजपूर्ण रचना अपने ढंग की पहली ही है और अनूठी भी। हिंदी क्या संभवतः किसी भी यूरोपीय अथवा भारतीय भाषा में इस प्रकार का कोई दूसरा अध्ययन उपलब्ध नहीं है। हिंदी पट्टी में इस लोकप्रिय विषय पर ऐसे वैज्ञानिक अन्वेषण से धर्म और राजनीति के अनेक मिथक खंडित हो जाते हैं और शोधकर्ताओं को एक दिशा भी मिलती है। फ़ादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितम्बर, 1909 को बेल्जियम के पश्चिमी फ्लैंडर्स स्टेट के रम्सकपैले नामक गांव में हुआ। उनके पास सिविल इंजीनियरिंग में बी.एस.सी की डिग्री थी, जो उन्होंने लोवैन विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1934 में उन्होंने भारत का संक्षिप्त दौरा किया और कुछ समय दार्जीलिंग में रुके। उनके मन में हिंदी भाषा सीखने की ललक पैदा हो गई। उन्होंने लिखा है- मैं जब 1935 में भारत आया तो अचंभित और दुःखी हुआ। मैंने महसूस किया कि यहाँ पर बहुत से पढ़े-लिखे लोग भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूक नहीं हैं। यह भी देखा कि लोग अंग्रेज़ी बोलकर गर्व का अनुभव करते हैं। उन्होंने निश्चय किया कि मैं आम लोगों की इस भाषा में महारत हासिल करूंगा। उन्होंने हिंदी और संस्कृत का ज्ञान प्राप्त किया और वे हर भारतीय के मन पर अमिट छाप छोड़ गए।



(लेखक सीनियर जर्नलिस्ट एवं रिसर्च स्कॉलर हैं। वह एक नामचीन विश्वविद्यालय में मास कम्युनिकेशन कॉलेज के एचओडी रहे हैं।

# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई




संकलित
**दर्शन**

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है।

**-स्वामी विवेकानंद**

# गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर



संकलित
**प्रेरणा**

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें युवा**

बारह जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से कहा था कि उठो, जागो और तब तक डटे रहो जब तक कार्य की सिद्धि नहीं हो जाती। आज युवाओं के समक्ष जिस तरह की चुनौतियां हैं, उनसे निपटने के लिए युवाओं को विवेकानंद जी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। सकारात्मक सोच रखकर ही युवा अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को शपथ लेनी चाहिए कि वे नशे से दूर रहेंगे और देश के विकास में अपना पूरा योगदान करेंगे।

**- मनोज मुदलियार**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमा खोली

कोविड-19 महामारी के चलते 2020 में लॉकडाउन लगाए जाने के बाद पहली बार उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। रूस सरकार संचालित 'तास' समाचार एजेंसी द्वारा बुधवार को प्रसारित खबर रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सहयोग को उजागर करती है। पिछले साल सितंबर में रूस के सुदूर पूर्व में एक 'कॉस्मोड्रोम' में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बैठक के बाद पर्यटकों की यात्रा शुरू होने वाली है। 'तास' की खबर में पर्यटकों की यात्रा के समय के बारे में नहीं बताया गया है लेकिन विश्लेषकों को इससे हैरानी हुई है जिन्होंने उम्मीद जताई की थी कि उत्तर कोरिया महामारी के बाद पहले चीनी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। उत्तर कोरिया का सबसे करीबी मददगार और सहयोगी चीन है। 'तास' की खबर के मुताबिक पर्यटक पूर्वी तट पर उत्तर कोरिया के 'मासिक पास' की यात्रा करेंगे, जहां देश का सबसे आधुनिक 'स्की रिसॉर्ट' स्थित है। इसमें कहा गया है कि यह यात्रा रूस के प्राइमरी क्षेत्र के गवर्नर ओलेग कोझेमायाको और उत्तर कोरियाई अधिकारियों के बीच हुए समझौते के तहत आयोजित की गई है।



## ऑफ बीट

# अंतरिक्ष से सौर ऊर्जा का पृथ्वी पर परावर्तन

यदि आपने पांच फरवरी 1993 की सर्द रात में यूरोप में आकाश को देखा होगा, तो संभावना है कि आपने प्रकाश की एक मंद चमक देखी होगी। वह चमक 'ज्नाम्या-2' नामक रूसी अंतरिक्ष के दर्पण प्रयोग से आई थी। ज्नाम्या-2, एल्युमीनियम फ़ॉइल की तरह एक 20 मीटर की परावर्तक संरचना थी, जिसे उस अंतरिक्ष यान से प्रक्षेपित किया गया था, जिसने रूसी मीर अंतरिक्ष स्टेशन से उड़ान भरी थी। इसका लक्ष्य यह प्रदर्शित करना था कि सौर ऊर्जा को अंतरिक्ष से पृथ्वी तक परावर्तित किया जा सकता है। ज्नाम्या का रूसी भाषा में अर्थ है 'बैनर'। यह पहला और अंतिम अवसर था, जब किसी दर्पण को इस उद्देश्य के लिए अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया था। लेकिन, तीन दशक बाद, सहकर्मियों और मेरा मानना है कि इस प्रौद्योगिकी पर फिर से विचार करने का समय आ गया है। अंतरिक्ष में सौर ऊर्जा स्टेशन बनाने और ऊर्जा को पृथ्वी तक संचारित करने के प्रस्तावों के विपरीत, सारा उत्पादन अभी भी यहीं होगा। महत्वपूर्ण रूप से, ये परावर्तक सौर ऊर्जा फार्म को तब भी बिजली उत्पन्न करने में मदद कर सकते हैं, जब सीधी धूप उपलब्ध न हो, खासकर शाम और सुबह के समय। उस वक्त स्वच्छ ऊर्जा की मांग सबसे अधिक होती है।



## हरिभूमि ट्रेंड

### सौभाग्य प्राप्त हुआ



अयोध्या जी में 22 जनवरी को राम मंदिर में हम सभी के आराध्य रामलला विराजमान होंगे। इस पुनीत अनुष्ठान का हिस्सा बनने के लिए आज तिलोई विधानसभा के घर-घर जाकर पूजित अक्षत वितरित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री**

### राजनीतिक दुरुपयोग



युवाओं को विचार करना ही होगा कि क्या होगी हमारे भारत की पहचान? जीवन की गुणवत्ता या सिर्फ भावुकता? उत्तेजक नारे लगाता युवा या रोज़गार प्राप्त युवा? मोहब्बत या नफ़रत? भावनात्मक मुद्दों का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### इनकार कर दिया



भारत के प्रमुख शंकराचार्यों, उड़ीसा में गोवर्धन मठ के स्वामी निश्चलानंद सरस्वती और उत्तराखंड में ज्योतिष पीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है।

**-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता**

### ड्रीम गर्ल का बच्चा



आखिरकार मुझे अपनी ड्रीम गर्ल के नए बच्चे को देखने का समय मिल गया। वह बहुत एथलेटिक और शर्मीला है। उसका नाम वीर सावरकर" के बाद वीर रखा गया। मेरी "आशा" की किरण बड़ी हो गई है और बहुत सफेद और बहुत सुंदर हो गई है।

**-रणदीप हुड्डा, अभिनेता**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## प्रधानमंत्री ने नासिक में युवा महोत्सव का उद्घाटन किया

# 22 को मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए

भाषा ▶▶ नासिक

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक दौरे पर हैं। मोदी ने नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान युवाओं ने मार्च-पास्ट किया और सांस्कृतिक नृत्य पेश किया। युवाओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने उनसे नशे से दूर रहने और माताओं बहनों के खिलाफ अपशब्दों के इस्तेमाल के खिलाफ आवाज उठाने को कहा।

तपोवन मैदान में राष्ट्रीय युवा महोत्सव को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मेरा आग्रह है कि 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर देश के सभी मंदिरों और तीर्थों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। आज का ये दिन भारत की युवा शक्ति का दिन है। ये दिन उस महापुरुष को समर्पित है, जिन्होंने गुलामी के कालखंड में भारत को नई ऊर्जा से भर दिया था। ये मेरा सौभाग्य है कि मैं स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर नासिक में हूं। पीएम ने कहा कि मेरा सभी से आग्रह है कि राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर सभी मंदिरों और तीर्थों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए।

- विवेकानंद की जयंती पर हर साल आयोजित होता महोत्सव
- 'युवाओं की शक्ति ने भारत को बनाया पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था
- परिवारवादी राजनीति का प्रभाव घटाने के लिए चुनावी प्रक्रिया में भाग लें





### रामकुंड व श्री कालाराम मंदिर में पूजा के बाद झांझ-मजीरे भी बजाए

## मोदी का नासिक में रोडशो

नासिक (भाषा) प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के नासिक में शुक्रवार को एक रोड शो किया और रामकुंड तथा श्री कालाराम मंदिर में पूजा अर्चना भी की। प्रधानमंत्री का रोड शो होटल मिर्ची चौक से शुरू हुआ। उनके साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस एवं अजित पवार तथा भारतीय जनता पार्टी के कई नेता मौजूद थे। हजारों लोग प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए रोड शो वाले मार्गों पर मौजूद थे। विशेष समूहों जैसे 'नासिक ढोल' ने भी कार्यक्रम पेश किया। लगभग 35 मिनट लंबा रोड शो दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने के बाद संत जनार्दन स्वामी महाराज चौक पर समाप्त हुआ। रोड शो के बाद मोदी गोदावरी नदी के तट पर स्थित रामकुंड पहुंचे, जहां उन्हें नासिक पुरोहित संघ के अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने पारंपरिक 'पगड़ी' भेंट की।



### राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू

**नई दिल्ली (भाषा)।** पीएम मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शुक्रवार से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें जीवन में पहली बार एक अद्भुत अनुभव हो रहा है जो वर्णातीत है।

## मध्यप्रदेश में एक साथ छह महिला न्यायाधीश नौकरी से बर्खास्त

**जबलपुर (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश सरकार ने एक कड़ा फैसला लेते हुए 6 महिला जजों को एकसाथ नौकरी से बाहर (बर्खास्त) कर दिया। यह ठीक से काम नहीं कर पा रही थीं, इनका कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। फिलहाल यह जज परिवीक्षा (प्रोबेशन) अवधि में थीं। मध्य प्रदेश के विधि और विधायी कार्य विभाग ने यह बड़ी कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की प्रशासनिक समिति की बैठक और फुलकोर्ट मीटिंग में इन महिला जजों को बर्खास्त अनुशंसा की गई थी। इसी अनुशंसा के आधार पर मप्र सरकार ने फैसला लिया है। यह सभी महिला प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पदस्थ थीं। सेवाओं से बर्खास्तगी के बाद राजपत्र में अधिसूचना जारी की गई है।

- यह परिवीक्षा अवधि में थीं
- मध्य प्रदेश के विधि और विधायी कार्य विभाग ने यह कार्रवाई की

**पहली बार इतनी सख्त कार्रवाई:** प्रदेश के इतिहास संभवतः पहली बार हुआ है, एक साथ छह महिला जजों को नौकरी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। आरोप थे कि अपनी नौकरी के दौरान सभी जज परिवीक्षा अवधि के दौरान ड्यूटी का संतोषजनक निर्वहन नहीं कर पा रही थीं।

## निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुने गए संजय, मालीवाल और एनडी गुप्ता



नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख नौ जनवरी थी

**नई दिल्ली (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा दिल्ली में राज्यसभा के लिए नामित सदस्यों स्वाति मालीवाल, संजय सिंह और एन डी गुप्ता का निर्विरोध निर्वाचित चुने गए हैं। किसी अन्य दल के उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'आप' सांसद संजय सिंह, एन डी गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता का छह साल का कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है। पार्टी ने सिंह और गुप्ता को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नामित किया है जबकि उसने दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मालीवाल को सुशील गुप्ता के स्थान पर नामित किया है। एक अधिकारी ने कहा, "तीनों उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है क्योंकि किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। नतीजों की घोषणा आधिकारिक रूप से जाएगी।'

## चन्द्रशेखर ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात की, नई जिम्मेदारी मांगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के नेता चन्द्रशेखर ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से उन्हें राज्य में महासचिव (संगठन) के रूप में उनकी वर्तमान जिम्मेदारी से मुक्त करने का आग्रह किया और एक नयी जिम्मेदारी मांगी है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनावों में भाजपा की सत्ता में वापसी के बाद उन्होंने राजस्थान से बाहर जाने की "इच्छा" व्यक्त की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पृष्ठभूमि वाले चन्द्रशेखर मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हैं और उन्होंने राज्य के पश्चिमी और काशी क्षेत्रों में भी काम किया है। छह साल पहले उन्हें राजस्थान की जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी सूत्रों ने कहा कि भाजपा के आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपना अभियान तेज करने के बीच चन्द्रशेखर के संगठनात्मक कौशल को नेतृत्व ने स्वीकार किया है और उन्हें जल्द एक अलग कार्यभार दिया जा सकता है।



## कर्नाटक सरकार ने शुरू की स्नातक और डिप्लोमा धारकों की बेरोजगारी भत्ता योजना

भाषा ▶▶ शिवमोगा (कर्नाटक)

कर्नाटक सरकार ने स्नातक पास युवाओं को 3,000 रुपये तथा डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपये का मासिक बेरोजगारी भत्ता देते हुए कांग्रेस की पांचवीं 'गारंटी' की शुक्रवार को शुरुआत की। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने 'युवा निधि' योजना की सांकेतिक रूप से शुरुआत करते हुए छह लाभार्थियों को चेक सौंपे। यह योजना उन स्नातक और डिप्लोमा धारक युवाओं के लिए है जो अकादमिक वर्ष 2022-23 में पास हुए और शिक्षा पूरी करने के 180 दिन बाद भी बेरोजगार हैं। बेरोजगारी भत्ता केवल दो साल के लिए दिया जाएगा और नौकरी मिलने के तुरंत बाद खत्म हो जाएगा। जिन युवाओं ने उच्च शिक्षा के लिए पंजीकरण कराया है और आगे पढ़ाना चाहते हैं, वे इस योजना के पात्र नहीं हैं।



- सीएम ने युवा निधि योजना के तहत छह लोगों को चेक सौंपे

## गुजरात के विकसित भारत का प्रवेश-द्वार होने का देश को विश्वास: अमित शाह

भाषा ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि विकसित भारत का प्रवेश-द्वार गुजरात से होकर गुजरता है और पूरे देश के इस विश्वास को बनाये रखना हमारी जिम्मेदारी है। शाह ने यहां आयोजित '10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के समापन समारोह में कहा कि नरेन्द्र मोदी के पहली बार प्रधानमंत्री बनते समय भारत दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था लेकिन आज यह पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है और मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। शाह ने कहाकि वर्ष 2003 में गांधीनगर से की गई शुरुआत ने भारत को पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया।




- '10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' का समापन

विभाग वापस लिए जाने से नाराज सभी मंत्री

# हिमाचल कांग्रेस सरकार में कलह, तीन मंत्रियों का कैबिनेट बैठक से बायकॉट

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल में कांग्रेस की सरकार में पोर्टफोलियो में बदलाव के बाद कलह शुरू हो गई है। विभाग वापस लेने के बाद 3 मंत्री शुक्रवार को कैबिनेट की मीटिंग में नहीं पहुंचे। इसमें पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह, इंडस्ट्री मिनिस्टर हर्षवर्धन चौहान और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इनसे बीते दिनों एक-एक विभाग वापस लेकर दो नए मंत्रियों को दिए हैं।

सीएम ने हर्षवर्धन से आयुष, रोहित से तकनीकी शिक्षा और विक्रमादित्य से खेल विभाग वापस लिया था। जिसके बाद राजेश को तकनीकी शिक्षा और यादवेंद्र गोमा को आयुष व खेल विभाग दिया गया था। विक्रमादित्य सिंह के पास अब एक ही विभाग पीडब्ल्यूडी बचा है। चर्चा यह है कि विक्रमादित्य सिंह भी काफी नाराज हैं। वहीं, राजेश धर्माणी भी इकलौते विभाग से खुश नहीं लग रहे। इसे लेकर जब हर्षवर्धन चौहान को पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह स्टेट से बाहर हैं, इसलिए कैबिनेट मीटिंग में नहीं आ पाए। वहीं, रोहित ठाकुर और विक्रमादित्य सिंह से बात नहीं हो पाई।



- मुख्यमंत्री सुक्खू ने बीते दिनों एक-एक विभाग वापस लेकर दो नए मंत्रियों को दिए

### गहलोत-पायलट गुट में नेता प्रतिपक्ष को लेकर ठनी, पद को पांच दावेदार

**जयपुर (एजेंसी)।** विधानसभा सत्र शुरू होने में महज सप्ताह भर का समय बचा है, लेकिन अभी तक कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष के नाम पर फैसला नहीं हो पाया है। अंदरूनी खींचतान के चलते कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष के चुनाव को लेकर तीन धड़े बन गए हैं। तीनों ही अलग-अलग नाम आलाकमान को सुझा रहे हैं। एक तरफ सचिन पायलट खेमा है तो दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत। गहलोत जिस नाम से सहमत नहीं, पायलट गुट उसी के लिए पैरवी करने में जुटा है। तीसरा खेमा उन नेताओं का है जो दिल्ली की सियासत में भी दखल रखता है। पार्टी सूत्रों की मानें तो कांग्रेस कोई नया प्रयोग नहीं करना चाहती, इसलिए दलित-आदिवासी कार्ड और जाट-ब्राह्मण कॉम्बिनेशन में से एक चुनने पर मंथन कर रही है। फिलहाल कौनसा धड़ा किस फॉर्मूले पर किसको आगे कर रहा है। कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष के लिए फिलहाल महेंद्रजीत मालवीय, गोविंद सिंह डोटासरा, हरीश चौधरी, हरिमोहन शर्मा, टीकाराम जूली के नाम प्रमुख दावेदारों के तौर पर चल रहे हैं।

# भावनात्मक मुद्दों का राजनीति के लिए हो रहा इस्तेमाल : राहुल

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि मौजूदा समय में वास्तविक मुद्दों से नज़रें फेर कर भावनात्मक मुद्दों का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है, जो देश की जनता के साथ छल है। राहुल गांधी ने 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, देश के युवाओं! आज 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर हमें स्वामी विवेकानंद के विचारों को फिर से याद करने की ज़रूरत है। उन्होंने युवाओं की ऊर्जा को ही एक समृद्ध देश का आधार कहा और पीड़ित एवं निर्धन की सेवा को ही सबसे बड़ी तपस्या बताया था। युवाओं को विचार करना ही होगा कि आखिर क्या होगी हमारे भारत की पहचान?



## मणिपुर में थौबल के निजी मैदान से शुरू होगी न्याय यात्रा: कांग्रेस


**इंफाल (भाषा)।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल की बजाय 14 जनवरी को राज्य के थौबल जिले के एक निजी मैदान से होगी। कांग्रेस के मणिपुर अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कहा कि इंफाल के हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा शुरू करने की अनुमति मांगी गई थी लेकिन राज्य सरकार ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी।

### इंडिया गठबंधन की डिजिटल बैठक आज

**नई दिल्ली (भाषा)।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेता 13 जनवरी को डिजिटल बैठक करेंगे जिसमें गठबंधन को मजबूत करने, सीट बंटवारे पर रणनीति बनाने और इस गठजोड़ का संयोजक नियुक्त करने को लेकर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस बैठक में सीट बंटवारे के साथ ही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' और कुछ अन्य विषयों को लेकर भी चर्चा की जाएगी।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 02 दिनांक 04.01.2024 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. रोहतक।




गुमशुदा की पहचान
नाम - **जगदीश।**
पिता/पति का नाम - **पुत्र बालकिशन।**
पता- गांव रूडकी जिला-रोहतक।
उम्र - 50 वर्ष
कद - 5 फुट 8 ईंच
**हुलिया:-** रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, दुबला-पतला शरीर, सिर के बाल उड़े हुए, लंबी नाक, काले बाल, काली आंखे
**पहनावा:-** ग्रे रंग का कुर्ता पजामा, चोकलेटी रंग का शाल ओढे।

दिनांक 04.01.2024 को जगदीश पुत्र बालकिशन वासी गांव रूड़की जिला रोहतक हरियाणा थाना आई.एम.टी, जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी रोहतक :-7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता आई.एम.टी रोहतक :- 9466676425

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 06 दिनांक 09.01.2024 धारा 346 IPC थाना बहु अकबरपुर जिला रोहतक।



गुमशुदा की पहचान
नाम - **अरूण मण्डल।**
पिता/पति का नाम - **पुत्र भुटाय मण्डल।**
पता- गांव पीठोरा वार्ड नं.11 जिला अरहरीया बिहार हाल बहु अकबरपुर जिला रोहतक।
उम्र - 40 वर्ष
कद - 5 फुट 6 ईंच
**हुलिया:-** रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, मजबुत शरीर, काली आंखे, काले बाल, सिर के आगे के बाल उडे हुए।
**पहनावा:-** नहीं पता।

दिनांक 09.01.2024 को अरूण मण्डल पुत्र श्री भुटाय मण्डल निवासी गांव पीठोरा वार्ड नं.11 जिला अरहरीया बिहार हाल बहु अकबरपुर जिला रोहतक थाना बहु अकबरपुर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना बहु अकबरपुर रोहतक:-7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहु अकबरपुर रोहतक :- 8708527775

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 11 दिनांक 04.01.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।



गुमशुदा की पहचान
नाम - **माया।**
पिता/पति का नाम - पुत्री प्रेम
पता- शास्त्री कालोनी रोहतक जिला रोहतक।
उम्र - 15 वर्ष
कद - 4 फुट 8 ईंच
**हुलिया:-** रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर,
**पहनावा:-** नीले रंग की जींस, नीले रंग की जाकेट व पैरो में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 04.01.2024 को माया पुत्री श्री प्रेम निवासी शास्त्री कालोनी रोहतक थाना शहर जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक :-7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक :- 8950197943

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 04 दिनांक 09.01.2024 धारा 346 IPC थाना पी.जी.आई.एम.एस जिला रोहतक।



गुमशुदा की पहचान
नाम - **गोबिन्द।**
पिता/पति का नाम - **पुत्र वेदपाल।**
पता- गांव जांगीरपुर जिला झज्जर हाल चिनोट कालोनी जिला रोहतक।
उम्र - 26 वर्ष
कद - 5 फुट 8 ईंच
**हुलिया:-** रंग गोरा, गोल चेहरा, पतना फुर्तीला शरीर काली आंखे, काले बाल, बाजु पर टैटु का निशान।
**पहनावा:-** नहीं पता।

दिनांक 09.01.2024 को गोबिन्द पुत्र वेदपाल निवासी गांव जांगीरपुर जिला झज्जर हाल चिनोट कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना बहु अकबरपुर रोहतक:-7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहु अकबरपुर रोहतक :- 9416427302

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 06 दिनांक 07.01.2024 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।



गुमशुदा की पहचान
नाम - **सोनिया।**
पिता/पति का नाम - **पुत्री श्री सतबीर।**
पता- वार्ड नं. 5 महम जिला रोहतक।
उम्र - 17 वर्ष
कद - 5 फुट 4 ईंच
**हुलिया:-** रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, लम्बी नाक, काले बाल, काली आंखे।
**पहनावा:-** सलवार सुट व पैरो में जुती पहने हुए।

दिनांक 07.01.2024 को सोनिया पुत्री श्री सतबीर निवासी वार्ड नं. 5, महम थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक :-7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक :- 9466234706

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 10 दिनांक 10.01.2024 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक।



गुमशुदा की पहचान
नाम - **कविता।**
पिता/पति का नाम - **पत्नी जगबीर।**
पता- किराएदार राजीव नगर, कच्चा चमारिया रोड जिला रोहतक।
उम्र - 41 वर्ष
कद - 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया:-** रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर काली आंखे, काले बाल।
**पहनावा:-** पीले रग का सूट सलवार व पैरो में सैण्डल पहने हुए।

दिनांक 10.01.2024 को कविता पत्नी जगबीर निवासी किराएदार राजीव नगर, कच्चा चमारिया रोड जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक:-7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक :- 8708200727

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 18 दिनांक 08.01.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।



गुमशुदा की पहचान
नाम - **सुनीता।**
पिता/पति का नाम - **पत्नी पदम।**
पता- कच्ची गढी मौहल्ला रोहतक जिला रोहतक।
उम्र - 40 वर्ष
कद - 5 फुट 3 ईंच
**हुलिया:-** रंग साफ, गोल चेहरा, मोटा शरीर,
**पहनावा:-** नीले रंग का सुट, काले रंग की जाकेट व पैरो में काले रंग के जुते पहने हुए।

दिनांक 08.01.2024 को सुनीता पत्नी पदम निवासी कच्ची गढी मौहल्ला रोहतक थाना शहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक :-7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक :- 9813833022

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 23 दिनांक 10.01.24 धारा 346 IPC थाना थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।



गुमशुदा की पहचान
नाम - **संगीता।**
पिता/पति का नाम - **पत्नी हरिपाल।**
पता- गली नंबर 04 शीतल नगर, जिला रोहतक।
उम्र - 24 वर्ष
कद - 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया:-** रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर काली आंखे, काले बाल
**पहनावा:-** नहीं पता

दिनांक 10.01.2024 को संगीता पत्नी हरिपाल निवासी गली नंबर 04 शीतल नगर, जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी, रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक:-7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रोहतक :- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक :- 87082274941

पीआरडीएच-1084/11/2058/2024/24142/88/6 दि. 12.01.24


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## नपा भर्ती घोटाले को लेकर एक्शन, भाजपा बोली- ये चोर

**हमले को देखते हुए केंद्रीय बलों के साथ पहुंचे ईडी के अधिकारी**

# पश्चिम बंगाल के मंत्री-विधायक के घर ईडी की रेड, खंगाले दस्तावेज

भाषा ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नगर निकायों में भर्ती में अनियमितता मामले की जांच को लेकर शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक तापस रॉय और उत्तरी दमदम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवासों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ उत्तर 24 परगना जिले के लेक टाउन इलाके में बोस के दो आवासों पर छापे मारे। ईडी ने कोलकाता के बाहर भी इन नेताओं के ठिकानों पर दबिश दी। तापस रॉय चक्रवर्ती के आवास पर कार्रवाई की।

**खास बातें**

- टीएमसी बोली- भाजपा के निर्देश पर काम कर रही ईडी
- ईडी ने कोलकाता के बाहर भी इन नेताओं के ठिकानों पर दबिश दी

### टीएमसी और भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप शुरू



### संदेशखाली में ईडी टीम पर हमले के सिलसिले में दो गिरफ्तार

**कोलकाता(भाषा)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में पिछले सप्ताह तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के घर पर छापे के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हुए हमले के सिलसिले में शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की पहचान महबूब मोल्लाह और सुकोमल सरदार के रूप में हुई है।

### उप-डाकपाल की 3.46 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी द्वारा पश्चिम बंगाल में एक उप-डाकपाल को गिरफ्तार कर उसके 3.46 करोड़ रुपए कीमत के भूखंड और बैंक जमाराशि को धन शोधन जांच के तहत जब्त किया गया है। निवेशकों के कथित फर्जी हस्ताक्षर करके उनकी जमा राशि हड़पने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है।

### ईडी के सामने पेश हुए कार्ति चिदंबरम



**नई दिल्ली।** चीन के नागरिकों को 2011 में वीजा जारी करने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को ईडी के सामने पेश हुए। गौरतलब है कि एक महीने से भी कम समय में उनकी तीसरी पेशी थी। इस मामले में पिछले साल 23 दिसंबर और दो जनवरी को पूछताछ की गई थी।

### ब्रिटेन पीएम सुनक यूक्रेन दौरे पर, कर सकते हैं नए पैकेज की घोषणा

**कीव।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक यूक्रेन के लिए सैन्य कोष में वृद्धि सहित एक नए सहायता पैकेज की घोषणा करने के लिए कीव के दौरे पर हैं। बयान में कहा गया कि सुनक के अगले वित्त वर्ष के लिए यूक्रेन के वास्ते सैन्य कोष को बढ़ाकर 2.5 अरब पाउंड (3.2 अरब डॉलर) करने की घोषणा करने की उम्मीद है।

### 2040 तक होगा अपना स्वयं का स्पेस स्टेशन

**अहमदाबाद।** इंटरनेशनल स्पेस कॉन्फ्रेंस में इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रगति का उद्देश्य राष्ट्र की दीर्घकालिक समृद्धि है। हम मानव युक्त यान के जरिए मनुष्य को अंतरिक्ष में भेजने और वर्ष 2040 तक अपना स्वयं का स्पेस स्टेशन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम प्रत्येक क्षेत्र में अंतरिक्ष विज्ञान को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम देश के विकास के लिए वैज्ञानिक पुल बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

# अमेरिका-ब्रिटेन ने यमन में 16 जगह अटैक किए, पांच की मौत, कई घायल

## बाइडेन बोले- लाल सागर में जहाजों पर हमलों का बदला लिया

- फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के राजनयिक सलाहकार ने विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की

भाषा ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 16 स्थलों पर बमबारी की। इस हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। हमले में साजो सामान रखने वाले स्थान, हवाई रक्षा प्रणाली और हथियार भंडारण वाले स्थान शामिल हैं। धिकारियों ने यह जानकारी दी। जे बाइडेन ने कहा कि लाल सागर में आतंकवादी समूह के हमलों को 'बर्दाश्त नहीं करेंगे'। जे बाइडेन ने सहयोगियों ने सोच समझ कर यह कदम उठाया है।

### विदेश मंत्री जयशंकर और ब्लिंकन ने लाल सागर में हमलों, गाजा, यूक्रेन पर चर्चा की



**न्यूयॉर्क (भाषा)।** अमेरिका ने लाल सागर में हुती विद्रोहियों के हमलों को लेकर भारत के साथ "साझा चिंताओं" पर चर्चा की और क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा में दोनों देशों के बीच "बढ़ते सहयोग" का स्वागत किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने फोन पर बातचीत की और दक्षिणी लाल सागर और अदन की खाड़ी में हुती के हमलों को लेकर अमेरिका तथा भारत की साझा चिंताओं पर चर्चा की। इन हमलों ने वाणिज्यिक जहाजों के निर्बाध आवागमन, निर्दोष नौसैनिकों की जान खतरे में डाल दी है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया है।

**नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने में भारत के साथ बढ़ते सहयोग का स्वागत किया :** विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा कि ब्लिंकन ने कहा कि लाल सागर एक प्रमुख वाणिज्यिक गलियारा है जहां से अंतरराष्ट्रीय व्यापार होता है और उन्होंने "क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने में भारत के साथ बढ़ते सहयोग का स्वागत किया। जयशंकर और ब्लिंकन ने इजराइल-हमास संघर्ष, तनाव बढ़ने से रोकने के प्रयासों और गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता की आपूर्ति में वृद्धि पर भी चर्चा की। ब्लिंकन ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध पर भी चर्चा की।

### 7.5 साल बाद मिला वायुसेना के विमान का मलबा

**नई दिल्ली (भाषा)।** वायुसेना के एक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का मलबा करीब साढ़े 7 साल बाद बंगाल की खाड़ी में मिला है। इसे समुद्र में करीब 3.4 किमी की गहराई में ढूंढ लिया गया है। भारतीय वायुसेना का एएन-32 विमान साल 2016 में एक मिशन के दौरान लापता हो गया था। उसमें 29 लोग सवार थे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ ओसीयन टेक्नोलॉजी ने एक ऑटोनोमस अंडरवाटर व्हीकल से कुछ तस्वीरें कैप्चर की थीं। इसकी जांच के बाद पता चला है कि चेन्नई के समुद्री तट से करीब 310 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी में कुछ मलबा मिला है, जो वायुसेना के एएन-32 विमान का है। एयूवी से जो तस्वीरें मिली हैं, वो एयरफोर्स के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट एएन-32 की ही लग रही हैं। क्रैश साइट की सर्चिंग के दौरान यह भी जानकारी सामने आई कि यहां पहले कोई विमान दुर्घटना नहीं हुई थी।

- बंगाल की खाड़ी में 3.4 किमी की गहराई में ढूंढा गया, 29 लोग सवार थे

### महिला सीईओ के साथ पुलिस ने सीन रीक्रिएट किया

**पणजी।** बेंगलुरु की महिला सीईओ सूचना सेठ को लेकर गोवा पुलिस ने सीन रीक्रिएट किया। सीन रीक्रिएट के बाद पुलिस सूचना सेठ को लेकर वापस कलंगुट पुलिस स्टेशन पहुंच गई है। इससे पहले आरोपी सूचना सेठ ने गोवा के होटल में 4 साल के बेटे की हत्या का सीन रीक्रिएट करने से मना कर दिया था। गोवा पुलिस शुक्रवार (12 जनवरी) को सूचना को उस होटल में ले गई थी, जहां वह अपने बेटे के साथ ठहरी थी। इससे पहले पुलिस उसे मेडिकल चेकअप के लिए कैंडोलिम हेल्थ सेंटर ले गई थी। गोवा पुलिस ने गुरुवार (11 जनवरी) को बताया था कि सूचना ने अपने बेटे की हत्या से पहले उसे लोरी सुनाई थी। ऐसा माना जा रहा है कि बेटे को सुलाने के बाद सूचना ने उसकी हत्या की होगी। सूचना लगातार एक डॉक्टर के संपर्क में थी। पुलिस उसके कॉल डिटेल की जांच कर रही है।

- पहले उसने इनकार किया था, दावा- बेटे को लोरी से सुलाया, फिर हत्या की

### देश में जेएन-1 के मामले एक हजार के पार

**नई दिल्ली** (भाषा)। देश में कोविड-19 के जेएन.1 उपस्वरूप के मामलों की संख्या एक हजार के पार हो गई है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश भी उन 16 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में शामिल हो गया जहां इस उपस्वरूप के मामले सामने आये हैं। 'इंडियन सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम' (इंसाकॉग) ने यह जानकारी दी। इंसाकॉग द्वारा तैयार किये गये आंकड़ों के अनुसार कर्नाटक में इस उपस्वरूप के सबसे अधिक 214 मामले सामने आये हैं जबकि महाराष्ट्र में 170, केरल में 154, आंध्रप्रदेश में 189, गुजरात में 76, तमिलनाडु में 88 और गोवा में 90 ऐसे रोगियों का पता चला है। वहीं, तेलंगाना और राजस्थान में जेएन.1 उपस्वरूप के 32-32 मामले सामने आये हैं। छत्तीसगढ़, दिल्ली में 16, यूपी में सात, हरियाणा में पांच, ओडिशा में तीन, पश्चिम बंगाल में दो और उत्तराखंड में एक व्यक्ति कोविड के इस उपस्वरूप की चपेट में आया है।

- कर्नाटक में सबसे अधिक 214 मामले सामने आए







**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9813974232; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **SHAHBAD:** Basant Honda - 9416155053; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 9215593704; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**